डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
08 नवम्बर 2023 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
32 अधिकतम
19 न्यूनतम


Page- 7

### विस चुनावः आज तूफानी दौरों का दिन...

# बुंदेलखंड से चंबल तक मोदी कांग्रेस पर हमलावर प्रियंका जवाबी मोर्चे पर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मप्र में कांग्रेस को निशाने पर ले रखा है। दमोह में आज सुबह अपनी पहली सभा में उन्होंने कांग्रेस पर गिन-गिनकर हमले किये। दमोह में भाजपा की सभा बुंदेलखंड साधने की कोशिश है,दमोह में उपचुनाव में कांग्रेस ने बाजी मारी थी। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सांवेर में सभा की,सांवेर कांग्रेस से बगावत करके भाजपा में शामिल होने तथा मंत्री बने कट्टर सिंधिया समर्थक तुलसी सिलावट का क्षेत्र है। प्रियंका आज खातेगांव में दीपक जोशी के लिये और शाम को इंदौर में फिर कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों के लिये सभा व पहला रोड शो करने वाली हैं। इंदौर में तीन दिन में उनका दूसरा दौरा कांग्रेस की मालवा साधने की रणनीति का इशारा कर रहा है। वहीं मोदी भी आज गुना व मुरैना में भी सभा करेंगे। कल राहुल गांधी मप्र के दौरे पा आ रहे हैं। वे भोपाल आकर सीधे अशोकनगर रवाना होंगे,जहां उनकी सभा है, यह क्षेत्र भी सिंधिया के प्रभावक्षेत्र में गिना जाता है। शाम चार बजे राहुल जबलपुर में गढ़ा बाजार से सेंट्ल क्षेत्र तक रोड शो व सभा करेंगे।

### तीसरे कार्यकाल में टॉप तीन...



संसदीय क्षेत्र के आठ भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने तीसरे कार्यकाल में देश को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बना देंगे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में भी एक बार फिर डबल इंजन की सरकार बनना तय है, मोदी ने अपने भाषण में कांग्रेस का दर्जनों बार जिक्र किया और उसे घोटालेबाज बताया। उन्होंने कहा कि सभा में जो भी लोग आये हैं, वे अपने क्षेत्र में जाकर बाकी लोगों को मेरा प्रणाम कहें।


सांवेर की सभा में प्रियंका

### भाजपा ने 4 मुख्यमंत्री मैदान में उतारे






भाजपा ने आज मप्र में चुनाव प्रचार के लिये चार मुख्यंमत्रियों को झोंक रखा है। इनमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ , गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा अलग-अलग जिलों में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं, वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह बडवानी समेत आधा दर्जन स्थानं पर सभा कर रहे हैं।

### झूठ बोलने की ताकत बढ़ी

इधर कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि चुनावी मौसम में भारतीय जनता पार्टी की झूठ बोलने की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। उसकमे नेता पूरी बेशर्मी से सार्वजनिक मंचों से कह रहे हैं कि कांग्रेस किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। लेकिन भाजपा सरकार ने विस में खुद स्वीकार किया है कि कांग्रेस सरकार ने करीब 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। इससे स्पष्ट है कि भाजपा ने सत्ता में आते ही किसानों की कर्ज माफी बंद कर दी। नाथ ने कहा कि भाजपा और शिवराज सिंह चौहान किसानों के दुश्मन हैं।

## गौतम अडानी को मिला अमेरिका का सहारा

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण मुश्किल में फंसे दिग्गज कारोबारी गौतम अडानी के लिए राहत की खबरे हैं। अमेरिकी सरकार का इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन उन्हें 4,600 करोड़ रुपये का फंड देने जा रहा है। यह फंड श्रीलंका में एक प्रोजेक्ट के लिए है। अडानी गुप श्रीलंका के कोलंबो पोर्ट में डीप वॉटर कंटेनर टर्मिनल बना रहा है। माना जा रहा है कि इससे अडानी ग्रुप को लेकर निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा जो हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के कारण कम हो गया था। इस रिपोर्ट में अडानी ग्रुप पर अकाउंटिंग में धोखाधड़ी, स्टॉक की कीमतों के साथ छेड़छाड़ और कॉरपोरेट गवर्नेंस से जुड़ी गड़बड़ियों का आरोप लगाया गया था। हालांकि अडानी ग्रुप ने इन आरोपों का खंडन किया था लेकिन इस कारण ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई ।



## अलीपुरद्वार में भूकंप के झटके, रिक्टर पैमाने पर 3.6 मापी गई तीव्रता

**अलीपुरद्वार ।** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में रिक्टर पैमाने पर 3.6 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की तरफ से जारी सूचना के अनुसार भूकंप के झटके आज सुबह करीब 10.51 बजे महसूस किए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भूकंप से जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। बता दें कि इससे पहले बीते आठ नवंबर को पंजाब के रुपनगर और भारत के पड़ोसी देश चीन के शिनजियांग में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में उत्तर भारत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेपाल में भी गत शुक्रवार को भूकंप के तगड़े झटके लगे। तीन अक्तूबर को आए भूकंप में नेपाल के जाजरकोट और आसपास के इलाकों में 157 लोगों की मौत हुई थी।

### विधानपरिषद में सेक्स एजुकेशन देना पड़ा महंगा

# मुख्यमंत्री नीतीश बोले शर्मिंदा हूं, अपनी ही निंदा करता हूं...

**पटना , एजेंसी।**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में सेक्स एजुकेशन को लेकर दिए अपने भाषण को लेकर अब माफी मांग ली है। उन्होंने कहा है कि मैंने तो महिलाओं की शिक्षा की बात की थी। हमने यूं ही ये बातें कह दी थीं, अगर कोई आहत हुआ है तो मैं माफी मांगता हूं। यह वाक्या कल विधानपरिषद का है। जब नीतिश बोल रहे थे तो महिला विधायक अपना सिर शर्म से छिपा रही थीं। नीतिश ने कहा है कि हम महिलाओं की शिक्षा पर जोर देते हैं. अगर मेरी किसी बात से तकलीफ हुई है तो अपने शब्द वापस लेता हूं, मैं अपनी खुद निंदा करता हूं। आज मैं न सिर्फ शर्म कर रहा हूं बल्कि दुख भी प्रकट कर रहा हूं। अगर कोई मेरी निंदा करता है मैं उनका अभिनंदन करता हूं।



दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश जब अपने तरीके से सेक्स एजुकेशन सदन के भीतर दे रहे थे उस वक्त करीब आधे दर्जन महिला एमएलसी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिस समय परिषद के 'भीतर' 'अंदर-बाहर' जैसे शब्द का प्रयोग कर रहे थे। वह महिला एमएलसियों के लिए भी बेहद शर्मनाक था।

स्थिति यह थी कि सदन के भीतर बैठी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी बगलें झांकती नजर आईं। उन्होंने अपना चेहरा बाईं तरफ घूम लिया। नीतीश के ठीक पीछे बैठी लेसी सिंह की हिम्मत सिर ऊपर उठाने की भी नहीं हुई। लेसी सिंह ने सिर ऊपर नहीं किया। आरजेडी से एमएलसी मुन्नी देवी अपनी साड़ी से मुंह छिपाती हुई नजर आईं। मुन्नी देवी को यह समझ ही नहीं आ रहा था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार क्या कह रहे हैं।





## दीवाली पर बाजार हुआ गुलजार...

**भोपाल।** रोशनी का पर्व दीपावली को लेकर बाजार जगमग हो चुका है। घरों को सजाने के लिए लड़ियों और अन्य इलेक्ट्रानिक सामान टीवी, रूम हीटर,आदि की बिक्री बढ़ गयी हैं। बाजार गुलजार होने से व्यापारियों के चेहरे अब खिल रहे हैं। त्योहार की तैयारी को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों से लेकर अन्य सजावटी सामानों की बहुतायत दिख रही है। मिट्टी के दीपक भी बाजार में नजर आने भी लगे हैं। श्रीगणेश एवं मां लक्ष्मी की छोटी मूर्तियां भी बाजार में दिख रहीं हैं। कुल मिलाकर बाजार में भी उत्सव-सा माहौल है।

## स्काउट्स एंड गाइड्स के वालंटियर्स ने किया मतदान के लिए जागरुक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा अपने राष्ट्रीय कर्तव्य के तहत मतदान जागरूकता अभियान का आयोजन प्रदेशभर में किया गया। राज्य आयुक्त राजीव जैन ने बताया कि श्यामला हिल्स स्थित राज्य मुख्यालय के आसपास के क्षेत्र में रैली निकालकर अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई। यह जागरूकता 17 नवंबर तक जारी रहेगा। इसके साथ ही मतदान दिवस पर स्काउट्स एंड गाइड्स के वालंटियर अपनी सेवाएं देंगे।

## विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को किया जागरुक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के प्रति रिझाने के लिए तरह तरह के जतन किए जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में जागरूकता अभियान के तहत छात्र छात्राओं ने देश के नक्शे का आकार लेते हुए मानव श्रृंखला बनाई। इस मानव श्रृंखला का उद्देश्य नागरिकों में ही नहीं बल्कि स्कूली बच्चों में भी मतदान के प्रति जागरूकता लाना और अपने वोट के जरिए अपनी सरकार बनाने के लिए जागरूक करना है।

## हमीदिया अस्पताल में एक्सरे फिल्म नहीं, सिटीजन पोर्टल पर थानों के गलत नंबर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के सात मामलों में लिया संज्ञान, अधिकारियों से जवाब तलब

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के सात मामलों में संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। पहला मामला हमीदिया अस्पताल में एक्सरे फिल्म नहीं होने से मरीजों के परेशान होने का है। मामले में आयोग ने आयुक्त-संचालक स्वास्थ्य सेवाएं (म.प्र.) संचालनालय भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का एक माह में जवाब मांगा है। वहीं दूसरा मामला सिटीजन पोर्टल पर थानों के गलत नंबर अपलोड होने का है। मामले में पुलिस महानिदेशक को जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में एक माह में जवाब भेजने के निर्देश दिए हैं। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल जिले में म.प्र. पुलिस ने क्राइम एंड क्रिमिनल टैÚकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम लागू किया था, जिसमें पुलिस थाने के लैंडलाइन नंबर गलत दर्ज हैं। पोर्टल पर उपलब्ध पुलिस थानों के नंबर ही नहीं थाना प्रभारियों के नंबर भी अधिकांश लगते ही नहीं हैं।

### इन मामलों में भी लिया संज्ञान

आयोग ने चूनाभट्टी इलाके में खंभों से सड़क पर पांच फीट तक मोटे-मोटे केबलों का मकड़जाल फैले होने, खानूगांव इलाके की कॉलोनियों में कचरा वाहन नहीं पहुंचने, पंडित लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी, करोंद में किसान, व्यापारी, हम्माल तथा मंडी में आने वाले ग्राहकों को प्याऊ से पानी नहीं मिलने, जिले के वार्ड-21 में पुराना कबाड़खाना स्थित महात्मा गांधी मार्ग और कायस्थपुरा रोड को जोड़ने वाली सीढ़ियों की हालत बदहाल होने और बैरागढ़ में रहने वाली नौवीं की छात्रा के साथ एक युवक द्वारा छेड़छाड़ करने के मामले में संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं।

### सत्र की शुरुआत के साथ खुलना था हॉस्टल, स्टाफ की कमी बता प्रबंधन ने किया बंद

# स्कूल तो खुला, लेकिन हॉस्टल पर ताला, 60 से अधिक दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चे परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के शाहजहांनाबाद के परी बाजार के सामने स्थित शा. दृष्टि एवं श्रवण बाधित उमा विद्यालय का छात्रावास नहीं खुलने से यहां के करीब 60 दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। यह विद्यार्थी कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक के हैं। बताया जा रहा है कि स्कूल के साथ इस हॉस्टल को सत्र की शुरूआत के साथ ही शुरू किया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नतीजन यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अपने रिश्तेदार के यहां रहकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। कुछ विद्यार्थियों ने स्कूल ही आना बंद कर दिया है, तो वहीं कुछ विद्यार्थियों को घर से स्वयं के खर्चे पर अपडाउन करना पड़ रहा हैं। जबकि माशिमं की बोर्ड परीक्षाओं को कुछ माह ही बचे हैं। प्रबंधन हॉस्टल बंद करने का कारण स्टाफ की कमी बता रहा है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि चुनाव के बाद हॉस्टल संचालित किया जाएगा।



### इनका कहना

*छात्रावास बंद नहीं हुआ है, फिलहाल अभी नहीं चल पा रहा है। वहां कई लोग रिटायर हो चुके हैं और स्टाफ की व्यवस्था की जा रही है। ऐसे में छात्रावास चुनाव के बाद ही वह चल पाएगा। मैं दिखवाता हूं।*

***आर के सिंह,** जेडी, भोपाल संभाग सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग*

### एक परिसर में दो हॉस्टल, एक बंद

दरअसल, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा शाहजहांनाबाद के परी बाजार के सामने तैयार स्पर्श भवन में दो स्कूल एवं इनके छात्रावास संचालित किए जाते हैं। इनमें भोपाल संभाग के जिलों के विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाते हैं। एक शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है और दूसरा शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालक-बालिकाओं का आवासीय विद्यालय है। जानकारी के अनुसार, दोनों स्कूलों के लिए 100-100 सीटों के अलग-अलग छात्रावास हैं। दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उमा विद्यालय में करीब 250 बच्चे हैं, जिसमें से करीब 60 बच्चे अन्य जिलों के हैं और बीते सत्र तक यहां के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते थे, लेकिन इस सत्र में हॉस्टल नहीं खुलने से इनकी व्यवस्था गड़बड़ा गई है। वहीं शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालक-बालिकाओं के आवासीय विद्यालय में करीब 52 बच्चे दर्ज हैं और 22 हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। हालांकि स्टाफ की कमी दोनों ही जगह बनी हुई है। लेकिन दबी जुबान यह भी कहा जाता है कि कुछ कर्मचारी अफसरों के घर भी हाजिरी बजाते हैं।

## भगवान कला केन्द्र फ्री वोकेशनल ट्रेनिंग देगा

**हिरदाराम नगर।** भगवान कला केन्द्र द्वारा टैली, कम्प्यूटर टाइपिंग, शार्टहेंड, एमएस आफिस, ग्राफिक्स डिजायनिंग, सिलाई, मेहंदी, कम्प्यूटर हार्डवेयर व अन्य कोर्स निःशुल्क सिखाया जाएगा। इसके लिए 01 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है एवं अंतिम तिथि 14 नवंबर 2023 है। निःशुल्क ट्रेनिंग दिनांक 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक एक माह के लिए प्रदान की जाएगी। केन्द्र के पदाधिकारी थांवर वरलानी द्वारा बताया गया है कि संत नगरी एवं आसपास के रहवासी युवाओं को लाभांवित करने के उद्देश्य से निःशुल्क ट्रेनिंग का आयोजन किया गया है। वर्तमान में उक्त कोर्सेस की अत्यधिक मांग है।

## हवा की गुणवत्ता खराब, अभी भी नहीं चेते तो 400 तक पहुंच सकता है सूचकांक

### बीते दो दिनों से 300 के आसपास पहुंच रहा है शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर की आबोहवा खराब होती जा रही है। बीते दो दिनों से हवा की सेहत बताने वाला सूचकांक 300 के पार जा रहा है। अभी भी नहीं चेते तो यह 400 के पार तक जा सकता है। बीते वर्ष यही स्थिति बनी थी।

हवा की सेहत बिगड़ने के कारण आम जन जीवन पर भी विपरित असर पड़ रहा है। श्वास के मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। बुजुर्गों में बैचेनी की शिकायतें मिल रही हैं। बीमार लोगों में चिड़चिड़ापन बढ़ने का खतरा है। सीधे तौर पर तो अब तक कोई बड़ा नुकसान सामने नहीं आया है लेकिन जिस तरह हवा में धूल का स्तर है, उससे कई तरह की दिक्कतें होनी तय है। यह सभी स्थिति खराब सड़कों के कारण बन रही है। त्यौहारी सीजन होने के कारण शहर में वाहनों का दबाव बढ़ने से धुएं का स्तर भी बढ़ गया है। ये दोनों ही स्थिति वायु प्रदूषण को बढ़ा रही है।



इधर वायु प्रदूषण से निपटने के इंतजाम बिल्कुल भी नहीं हो रहे हैं। उलटा कचरे में आग लगाने की घटनाएं बढ़ गई है। रोज शाम को भेल क्षेत्र धुआं–धुआं हो रहा है। इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कचरा जलाया जा रहा है। ऐसा निगम का अमला और कुछ लोग स्वयं कर रहे हैं लेकिन निगम कुछ भी नहीं कर पा रहा है। कोलार क्षेत्र के हाल बुरे हैं, इस क्षेत्र में सड़कों की हालत कुछ ज्यादा ही खराब है। जिसके कारण धूल का स्तर सामान्य से कई गुना तक बढ़ गया है।

**मेट्रो एंकर**

### कोर्सेस का उद्देश्य छात्राओं को विषय सम्बन्धी आवश्यक ज्ञान देना था

# संत कॉलेज में कॉर्पोरेट एटिकेट्स और एडवांस्ड एक्सेल सर्टिफिकेट कोर्सेस का आयोजन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा कॉर्पोरेट एटिकेट्स और स्टेटिस्टिकल इनसाइट्स इन एक्सेल विषय पर सर्टिफिकेट कोर्सेस का आयोजन किया गया। कॉर्पोरेट एटिकेट्स सर्टिफिकेट कोर्स की विषय विशेषज्ञ प्रो गुंजन शर्मा ,सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य और स्टेटिस्टिकल इनसाइट्स इन एक्सेल की विषय विशेषज्ञ प्रो अपूर्वा साकी, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य थी। इन दोनों सर्टिफिकेट कोर्सेस को आयोजित करने का उद्देश्य छात्राओं को विषय सम्बन्धी आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ डालिमा पारवानी ने दोनों सर्टिफिकेट कोर्सेस के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय में इस प्रकार के आयोजन महाविद्यालयीन स्तर पर भी निरंतर किये जाते है ताकि छात्रहित में उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी तरीके से उपयोग कर छात्राओं को लाभान्वित कर सके। दोनों सर्टिफिकेट कोर्स वर्तमान समय में अतिमहत्वपूर्ण है।

कॉर्पोरेट एटिकेट्स सर्टिफिकेट कोर्स की विषय विशेषज्ञ प्रो गुंजन शर्मा ने छात्राओं को कॉर्पोरेट एटिकेट्स, हैंडशेक, ईमेल ड्राफ्टिंग, डायनिंग एटिकेट्स,टेलीफोन एटिकेट्स, ड्रेस कोड का महत्व और फॉर्मल लेटर्स के बारे में सविस्तार बताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में भी यह महत्वपूर्ण है।

स्टेटिस्टिकल इनसाइट्स इन एक्सेल की विषय विशेषज्ञ प्रो अपूर्वा साकी ने छात्राओं को एक्सेल,डाटा एंट्री,फार्मूला और फंक्शन ,डाटा क्लीनिंग एन्ड प्रिपरेशन,टेबल्स ,चार्ट्स,डाटा और स्टेटिस्टिकल एनालिसिस के बारे में सविस्तार बताया। उन्होंने कहा कि यह छात्राओं को जॉब प्राप्ति की दिशा में सहयोगी सिद्ध होगा।

## लक्ष्मीजी प्रतिमाएं भेंट कर दीपोत्सव की बधाई दी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



बजरंग सेना समिति ने मां लक्ष्मी और गणेशजी की प्रतिमाएं एवं दीए भेंट कर दीपोत्सव की अग्रिम बधाई दी। समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी एवं अर्चक पुरोहित, राज कुमार गर्ग ने कहा, दीपोत्सव का आनंद दूसरों को खुशी देकर दोगुना हो जाता है। इस अवसर पर पंडित रवि पटेरिया ने समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## क्या वीडी भाजपा के शुभंकर?

**वीडी** यानि विष्णुदत्त शर्मा यामि प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद। वीडी शर्मा के सूबे की कमान संभालते ही मध्यप्रदेश में कमलनाथ सरकार 15 महीने में ही चली गई थी। तभी से शर्मा को पार्टी का शुभंकर माने जाने लगा। इसके बाद उपचुनावों में जीतकर भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान की अगुआई में पूर्ण बहुमत की सरकार बना ली। अब बात भाजपा की सरकार को बचाने और फिर से बनाने की चल पड़ी है तो भी प्रदेश भाजपा की कमान वीडी शर्मा के ही हाथों में है। जहां भाजपा आलाकमान ने सूबे के वोटर्स को लुभाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में केंद्रीय मंत्रियों और नेताओं की फौज को प्रदेश में झोंक दिया है,वहीं वीडी शर्मा चुपचाप पार्टी के मैदानी कार्यकर्ताओं यानि बूथ पर वोटर्स को लाने और पार्टी के पक्ष में प्रचार कराने वालों के हौसलों में जान फूंकने में लगे हैं। उनका गणित है कि यदि दोपहर 12 बजे तक बूथ पर भाजपा समर्थित वोट पड़वा लिए गए तो भाजपा को जीत से कोई नहीं रोक सकता। सवाल यही है कि वीडी एक बार फिर पार्टी के लिए शुभंकर साबित होंगे?



# इलेक्शन डायरी

■ राजेश सिरोठिया

## जनबल पीछे धन और बाहूबल आगे

**उत्तर** प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में धन और बाहुबल के बूते चुनाव लडऩे और जीतने के किस्से तो हम अक्सर सुनते आए हैं,लेकिन मध्यप्रदेश में जनता के बीच गहरी पैठ रखने वाले जनबल धारी नेताओं की कद्र लंबे अरसे से होती आई है। राजनीतिक दल उन्हें न सिर्फ टिकट देते थे, बल्कि चुनाव लडऩे पैसे भी देते थे, क्योंकि ये बाहुबल या धनबलधारी नहीं जनबल धारी माने जाते थे। धनबल को महत्ता देने में बसपा तो काफी बदनाम रही है लेकिन इस बार मध्यप्रदेश के दोनों ही प्रमुख दलों ने धन और बाहूबल को जमकर प्राथमिकता दी है। जनबल पर सवार नेता तो अपवाद स्वरूप ही टिकट पा सके हैं। यह बड़ा लिटमस टेस्ट होगा कि प्रदेश में धनऔर बाहूबल का फार्मूला कितना कामयाब होगा।

## वेस्ता पटेल परिवार पर कांग्रेस की मेहरबानी

**झाबुआ** अलीराजपुर इलाके में दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में आतंक का पर्याय कहे जाने वाले वेस्ता पटेल का नाम पुरानी पीढ़ी तो कम से कम अभी तक नहीं भूली है। लेकिन नई पीढ़ी के लिए कांग्रेस टिकट पर वेस्ता पटेल परिवार के दो सदस्य एक साथ चुनाव मैदान में डटे हैं। अलीराजपुर से वेस्ता पटैल के पुत्र मुकेश पटेल तो झाबुआ के जोबट से वेस्ता की बहु यानि मुकेश के भाई महेश पटैल की पत्नी सेना पटैल अपनी सेना के साथ मैदान में हैं। जमीनी फीडबैक पर यकीन किया जाए तो दोनों जीत जाएं तो किसी को हैरत नहीं होना चाहिए। अलीराजपुर तो वेस्ता का प्रमुख गढ़ रहा ही है जोबट में भाजपा टिकट पर कांग्रेस से आई सुलोचना रावत के बेटे विशाल पटेल मैदान में है। विशाल को सेना के साथ ही भाजपा के बागी माधव सिंह डाबर की चुनौती मिल रही है, जो भाजपा नेताओं के तमाम प्रयासों के बावजूद मैदान से हटने को राजी नहीं हुए।

## सयाने अभय मिश्रा के दोनों हाथ लड्डू

**रीवा** जिले की सेमरिया विधानसभा सीट से कांग्रेस टिकट पर लड़ रहे अभय मिश्रा भी दिलचस्प राजनेता हैं। मूलतः ठेकेदारी करते करते मिशा भाजपा टिकट पर विधानसभा पहुंचे टिकट कटने के डर से 2018 के पहले कांग्रेस में आ गए। इसके पहले उन्होंने अपनी पत्नी नीलम मिशा को जिला पंचायत अध्यक्ष भी बनवा दिया। 2018 में कांग्रेस टिकट पर उन्होंने राजेंद्र शुक्ला के सामने ताल ठोंकी लेकिन हार गए। बाद में वह वापस भाजपा में लौट आए लेकिन जब उन्हें लगा कि सेमरिया से विधायक केपी त्रिपाठी के सामने उनकी दाल नहीं गलने वाली है तो उन्होंने फिर तिकड़म लगाई और कांग्रेस टिकट पर सेमरिया से मैदान में कूद गए। वह रीवा की सिरमौर सीट से अपने समधी वीडी पांडे को भी कांग्रेस टिकट दिलाना चाहते थे। लेकिन जब यह मुमकिन नहीं हुआ तो समधी साब को उन्होंने पांडे जी को बसपा की टिकट दिलवा दी। कांग्रेस में वह किसी कद्दावर नेता के बजाए सामान्य सीट से रामगरीब वनवासी को टिकट दिलाने में कामयाब जरूर हो गए। अब सिरमौर दो बार से भाजपा टिकट पर जीत रहे रीवा के युवराज दिव्यराज सिंह के खिलाफ वह पांडे को जिताने में सफल हो गए तो दोनों समधी विधानसभा में होंगे।



# उत्तर से उमरिया तक बूथ मैनेजमेंट में जुटी भाजपा, वीडी बोले- *यही हमारी ताकत...*







**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा इस वक्त भोपाल से लेकर उमरिया व शहडोल तक बूथ पर जोर दे रही है। भाजपा के चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भोपाल उत्तर सीट के लिये बूथ मैनेजमेंट व पन्ना प्रभारियों के कामकाज की समीक्षा बैठक की तो भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने शहडोल में कहा कि बूथ पर बैठा हमारा कार्यकर्ता ही ताकत है। चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी तो निमित्त मात्र होते हैं, प्रत्याशी के साथ हमारा बूथ का कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ता है। बूथ का कार्यकर्ता ही चाणक्य होता है। शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी कमल का फूल होता है, हमारे बूथ कार्यकर्तागण एक प्रत्याशी के रूप में परिश्रम कर अपने बूथ विजय के संकल्प को साकार करते हैं। उमरिया और शहडोल में जिला कार्यालय का उद्घाटन कर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष बूथ कार्यकर्ताओं को बूथ विजय का संकल्प दिलाया। उन्होंने विजयराघौगढ और बडवारा में भी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।

## कांग्रेस को लॉक कर चाबी तालाब में फेंके-सिंधिया

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर में पार्टी प्रत्याशी जजपाल सिंह जज्जी, चाचौड़ा में पार्टी प्रत्याशी प्रियंका मीणा, राधौगढ़ में हिरेंद्र सिंह बंटी बना एवं शिवपुरी में देवेंद्र जैन के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2018 में कांग्रेस सत्ता में आई थी तो कांग्रेस सरकार ने संबल योजना, कन्यादान योजना व 51 सामाजिक योजनाएं बंद कर दी थीं, आशा बहनों के पैसे काट लिए थे। अगर इस बार फिर कांग्रेस सत्ता में आई तो लाड़ली बहना योजना और मेरे किसान भाइयों की सम्मान निधि जैसी गरीब कल्याण की सभी योजनाओं को बंद करने का काम करेगी। इसलिए मतदान के दिन भाजपा के पक्ष में मतदान कर और कांग्रेस को लॉक करके चाबी बेतबा में फेंक दें।

## यादव ने कहा-कलंकित कार्यकाल..

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण यादव ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के राज में हुए भ्रष्टाचार और घोटालों ने मप्र को कलंकित कर दिया है । मुख्यमंत्री के 18 वर्षीय कार्यकाल में हर महिने घोटाले पर घोटाले हुए और भ्रष्टाचार ने मप्र को दागदार कर दिया ।यादव ने निमाड अंचल की तीन विधानसभा क्षेत्रों हरसूद, टिमरनी और हरदा का दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशियों को भारी बहुमत के साथ विजयी बनाने की अपील की । हरसूद में कांग्रेस प्रत्याशी सुखराम साल्वे के चुनाव कार्यालय में श्री यादव ने कार्यकर्ताओं से भेंट की । सिराली और हरदा में राहुल गांधी की आगामी 13 नवम्बर को होने वाली आमसभा की तैयारियों का जायजा लिया।

## वीडियो पर क्यों चुप है पीएम- आनंद शर्मा

पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने कहा कि मुझे हर किसी से सामान्य बात करने पर सुनकर बड़ा दुख हुआ कि यहां पर भाजपा की सरकार में बहुत ही भ्रष्टाचार है व्यापम, नर्सिंग, पटवारी घोटाला आज हमारे सामने है, इन्होंने तो भगवान को भी नहीं छोड़ा, उज्जैन महाकाललोक में भी घोटाला किया। शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि कृषि मंत्री तोमर के बेटे का 100 करोड़ रूपये वाला वीडियो आया है पर प्रधानमंत्री चुप है। देश का कोई भी संस्थान नहीं बची है जिसका दुरूपयोग ना किया जा रहा हो। मप्र में भापा ने चोरी से सरकार बनाई थी।

## आज छिंदवाड़ा में वीडी, पन्ना में योगी की सभाएं

विधानसभा चुनाव प्रचार के लिये आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बडवानी, खरगौन, खण्डवा, राजगढ़ एवं सीहोर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पन्ना, पृथ्वीपुर, उदयपुरा और नरसिंहपुर, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा खण्डवा, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा छिंदवाडा, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना, उज्जैन, देवास एवं इंदौर,साध्वी निरंजन ज्योति नर्मदापुरम, बालाघाट, सिवनी, जयभान सिंह पवैया उज्जैन, मनोज तिवारी भोपाल की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

# भाजपा में *वोरा-तत्व* वाला सियासतदां!

**सत्ता की रौनकें, चमचमाते पॉवर कॉरिडोर्स और पांवों में बिछते लोग, यह किसी भी शख्स को भरमाने के लिए काफी हैं। यदि सत्ता दस-बीस साल की हो तो भ्रम भी गहरा होता है। मगर नरेंद्र सिंह तोमर का जिक्र आता है तो धारणाएं बदलती हैं, कम से कम जाहिराना तौर पर उन्होंने खुद को चकाचौंध से दूर रखा है। तोमर के इर्दगिर्द जब वजनी आरोपों का घेरा होता है *जैसा अभी है,* तो भी वे उतने ही सहज नजर आते हैं,जितने सुकून के दिनों में दिखते हैं। हर वक्त कम बोलने व ज्यादा सुनने की क्षमता उन्हें *बचाए* भी रखती है और *बनाए* भी।**

**चेहरा एक अदद**

■ आशीष दुबे

**भो**पाल से दिल्ली तक भाजपा की सत्ता की राजनीति में तोमर दो दशक से उसी तरह अपरिहार्य हैं, जैसे कभी कांग्रेस की सत्ता के दिनों में मोतीलाल वोरा हुआ करते थे। वोरा भी कम बोलते-दिखते थे लेकिन उनका जिक्र और जरूरत हर समय बनी रहती थी, जब कांग्रेस में विवाद बढते थे तो वोरा आलू की तरह हर तड़के में एडजस्ट कर दिये जाते थे। हेवीवेट्स के बीच उनका सीएम बनना भी इसी का परिणाम था। तोमर में 'वोरा तत्व' की मौजूदगी ही उनकी सभी *संभावनाओं* को बनाए रखती हैं। खास बात यह है कि तोमर के चुनाव कभी आसान नहीं रहे, जब दस साल पहले उन्हें ग्वालियर लोकसभा से भाजपा ने किला लड़ाने भेजा तब भी उन्हें बहुत जूझना पड़ा था, वे जीते भी,लेकिन चुनाव के दौरान एक मर्तबा वे बोले थे-चुनाव टफ है, तभी तो मुझे भेजा गया है। उनका 2019 का मुरैना चुनाव भी कम मुश्किल नहीं रहा और केंद्र में कृषि मंत्री के कार्यकाल में दिल्ली को घेरने वाला करीब सालभर का किसान आंदोलन भी सीधे तौर पर उनका ही सिरदर्द था। अब दिमनी में विधानसभा का चुनाव उन्हें आजमा रहा है। उन्हें यहीं के लिए क्यों चुना गया, वे बेहतर जानते हैं पर बोलते नहीं। अलबत्ता भाजपा की अंदरखाने राजनीति को करीब से जानने वाले सब समझते हैं! चुनाव के वक्त तोमर के क्षेत्र में आ रही औचक बातें,घटनाएं और आरोपों के घेरे भी कुछ कहते प्रतीत होते हैं।



बहरहाल तोमर मप्र में कांग्रेस व भाजपा में मौजूद उस पांत के गिनेचुने नेताओं में हैं जो संघर्ष व समन्वय की राजनीति करते हैं। वे इस वक्त भाजपा की मप्र चुनाव प्रबंध समिति के मुखिया भी हैं, वे चुनाव लड़ भी रहे हैं और लड़ा भी रहे हैं। वे दिमनी से दूर होशंगाबाद तक दौरे कर रहे हैं, उनका मैनेजमेंट कौशल,प्रतिकूल हवाओं में तैरने व ऊर्जा बचाए रखने की क्षमता फिर कसौटी पर है, कुछ इस तरह जैसे- *'ख्वाबों की तरह हकीकत में भी बुना जाए मुझे, कोई मुश्किल की घड़ी हो तो चुना जाए मुझे, सिर्फ मेरी आवाज ही नहीं है पहचान मेरी, मेरी आवाज़ के आगे भी सुना जाए मुझे।'*

**चुनाव ड्यूटी से गायब रहने का मामला**

# पौने दो सौ कर्मचारियों का आज पांच बजे तक किया जाएगा इंतजार, नहीं आए तो होंगे निलंबित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चुनाव ड्यूटी से गायब रहने वाले पौने दो सौ कर्मचारियों का जिला निर्वाचन अधिकारी की टीम बुधवार शाम पांच बजे तक इंतजार करेगी। तब भी ये नहीं पहुंचे तो इन्हें निलंबित किया जाएगा। इनमें से कुछ कर्मचारी लगातार आयोग के निर्देशों की अव्हेलना कर रहे हैं, जिसके कारण काम प्रभावित हो सकता है। इन्हें अब एक मौका और दिया है। असल में अभी आयोग अलग-अलग चरणों में कर्मचारियों को चुनाव के लिए प्रशिक्षण दे रहा है, जो अंतिम दौर में है। इसमें कर्मचारियों को उन बारीकियों के बारे में बताया जा रहा है, जिनका चुनाव के दौरान ध्यान रखना है।



उल्लेखनीय है कि मतदान दल कर्मियों के द्वितीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन कुल करीब 3200 कर्मचारी शामिल हुए थे। दूसरे प्रशिक्षण में 72 कर्मचारी अनुपस्थित रहे, जिन्हें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने नोटिस जारी किए हैं। इस तरह अब कुल पौने दो सौ मतदानकर्मी प्रशिक्षण से गायब रहे हैं। जिन्हें नोटिस जारी कर बुधवार को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए कहा गया है। इधर, दो दिन चले प्रशिक्षण में 142 कर्मचारी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके हैं। जिन्हें भी दोबारा से मतदान प्रक्रिया और ईवीएम के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिला निर्वाचन द्वारा 9018 कर्मचारियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से दिया जा रहा है जो कि बुधवार तक चलेगा। यह प्रशिक्षण शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय और शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी कर्मचारी अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में शामिल हों। सोमवार को चुनाव परीक्षा में फैल हुए 98 कर्मचारियों को दोबारा से प्रशिक्षण दिया गया और वहीं मंगलवार को 42 कर्मचारी फैल हो गए हैं। जिन्हें बुधवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन दिन चलने वाले प्रशिक्षण के दौरान मतदान दल कर्मचारियों को ईवीएम, माक पोल, मतदान, मतदान सामग्री लेने से लेकर जमा कराने तक की जानकारी दी जा रही है।

# राजधानी का चुनावी घमासान

## यादव ने उत्तर में लगाया जोर



भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के लिये केंद्रीय मंत्री व चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने उत्तर विधानसभा क्षेत्र में जोर लगाया। यहां कांग्रेस बागी उम्मीदवारों से परेशान है तथा बीमार चल रहे कांग्रेस नेता आरिफ अकील अपने बेटे के लिये प्रचार में जोर लगा रहे हैं। इधर यादव ने पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन में कहा कि हमारा संकल्प मजबूत है, निश्चित ही भोपाल उत्तर विधानसभा में इस बार कमल खिलेगा। कार्यकर्ताओं की मेहनत उनका समर्पण बूथ स्तर पर दिख रहा है। हमारा संकल्प मजबूत है। सम्मेलन में करीब डेढ़ हजार कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन को उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी संबोधित किया।

## सबनानी ने ढूंढी पर्यटन की संभावना



भाजपा दक्षिण पश्चिम विधानसभा के उम्मीदवार भगवानदास सबनानी ने पंपापुर सेवा बस्ती से जनसंपर्क प्रारंभ किया। इसके उपरांत कृष्णा सोसाइटी, यशोदा विहार, दीपक सोसायटी ,वाल्मीकि ईश्वर नगर, पारिका सोसाइटी, हर्षवर्धन नगर जानकीनगर, कंफर्ट कैंपस, सौम्या विहार, आम्रपाली केंपस आदि क्षेत्रों में भी पहुंचे। उन्होंने नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि क्षेत्र में अनेक पर्यटन के विकास की भी संभावनाएं हैं जिसे लेकर एक विजन के साथ हम काम करेंगे साथ ही इसके साथ ही गरीब कल्याण योजनाओ का क्रियान्वयन शत प्रतिशत हमारे क्षेत्र में हो सके इसके लिए कार्य योजना बनाकर पूरी मेहनत से कार्य करेंगे।



नरेला वार्ड क्र. 41 बाग दिलकुशा की मेन रोड 24 घंटे में उखड़ गई। रहवासियों की शिकायत पर कांग्रेस उम्मीदवार मनोज शुक्ला पहुंचे और कहा कि यह सड़क तो चलने मात्र से उखड़ रही है, यही भाजपा का विकास है।

## जनअभियान परिषद की आयोग से शिकायत

**भोपाल।** कांग्रेस नेताओं ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को दस्तावेजी शिकायत सौंपकर कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावशील हो जाने के बावजूद भी मप्र शासन के योजना, आर्थिक एवं साख्यिकी विभाग के अंतर्गत आने वाली मप्र जन अभियान परिषद ने 52 जिलों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए नवांकुर योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में चयनित स्वैच्छिक 1434 संस्थाओं (एनजीओ) को 50 हजार रूपये प्रति संस्था के मान से प्रथम किस्त कुल राशि 7 करोड़ 17 लाख रूपये उनके खातों में हस्तानांतरित की है जो आचार संहिता का सीधा उल्लंघन है। कांग्रेस ने कहा यदि निर्वाचन आयोग निष्पक्ष है तो जन अभियान परिषद के विरूद्व दिखायी देने वाली वैद्यानिक कार्यवाही करे।अजय मिश्रा व केके मिश्रा ने कहा कि आचार संहिता के विभिन्न प्रामाणिक उल्लंघनों की 300 शिकायतें पार्टी द्वारा चुनाव आयोग से की हैं लेकिन एक का भी आयोग ने तो संज्ञान नहीं लिया।

## सुविचार

``समय बहकर ले जाता है नाम और निशां कोई 'हम' में रह जाता है तो कोई 'अहम' में''

-अज्ञात

## संपादकीय

# सही नजरिए की जरूरत

पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव और जल्द होने वाले लोकसभा चुनाव के बरक्स देखें तो भाजपा के चुनावी शिल्पकार कहे जाने वाले नेताओं ने कुछ ऐसी बातें कहीं हैं जो सामाजिक व राजनीतिक दोनों ही तरह से महतवपूर्ण हैं। केंद्रीय गृह मंत्री और अमित शाह ने एक चुनावी रैली में पिछले दिनों कहा कि असल में भाजपा जातिगत गणना के उतना खिलाफ नहीं है। यह बयान चौंकाने वाला माना जा सकता है क्योंकि भाजपा की ही अगुआई वाली केंद्र सरकार एकाधिक मौकों पर साफ कर चुकी है कि राष्ट्रीय स्तर पर कास्ट सेंसस करवाना व्यावहारिक नहीं है। वही बिहार सरकार ने जातिगत गणना के आंकडे कल विधानसभा में पेश कर दिये हैं। ऐसे में अब जब अमित शाह अपनी पार्टी के स्टैंड पर अलग तरह की बात कह रहे हैं तो स्वाभाविक ही उसे पार्टी को होने वाला चुनावी नुकसान कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। भले ही चुनावी हितों के कारण बात को नया मोड दिया गया हो, अगर भाजपा अपना स्टैंड बदल रही है तो इसका मतलब यह है कि घूम-फिरकर सभी पार्टियां कास्ट सेंसस के पक्ष में हो गई हैं। सवाल उठता है कि यह बात कैसे मान ली जाए कि जाति जनगणना फायदों से ज्यादा नुकसान करने वाली है? अगर ज्यादातर दल इस मुद्दे को कोटा मानसिकता से देख और समझ रहे हैं तो यह देखने वाले की गलती हुई न कि मुद्दे की। जरूरत यह है कि इस मुद्दे को सही नजरिये से और व्यापक अर्थों में लिया जाए। इसमें दो राय नहीं कि आरक्षण प्रतिशत विभिन्न वर्गों और तबकों की रोजगार समस्या का हल नहीं हो सकता। इसे इस रूप में पेश करने वाली राजनीति किसी का भला नहीं करती। लेकिन जाति आज भी हमारे समाज की एक कड़वी सचाई है, जिससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। जाहिर है किसी भी तर्क से इस सचाई को छुपाने या इसे अंधेरे में रहने देने की वकालत करना सही नहीं होगा। अगर 2002 के बीपीएल सेंसस में ग्रामीण परिवारों की सामाजिक आर्थिक स्थिति के साथ-साथ कुछ जाति संबंधी आंकड़े भी जुटाए जा चुके हैं तो यह काफी नहीं। समाज के हालात समय के साथ बदलते रहते हैं। ऐसे में दो या तीन दशक पहले के आंकड़ों से काम चलाते रहना कोई अच्छा विकल्प नहीं कहा जाएगा। जाहिर है, मौजूदा हालात से जुड़ी ताजा हकीकत पता करने और उसे समय-समय पर अपडेट करते रहने की जरूरत है ताकि नीतियां बनाते समय अनुमान से काम लेने की मजबूरी न रहे। इसी वजह से हर दस साल में होने वाले सेंसस में देरी का मुद्दा भी प्रासंगिक है। यह आखिरी बार साल 2011 में हुआ था। अब कहा जा रहा है कि यह जनगणना 2024 आम चुनाव के बाद ही हो पाएगी। सेंसस न होने की वजह से अभी कल्याणकारी योजनाएं 2011 के आंकड़ों के आधार पर ही चलाई जा रही हैं, जिस पर एक्सपर्ट्स सवाल उठा चुके हैं। उसी तरह से आरक्षण से जुड़े कई सवालों का जवाब जाति जनगणना से मिलेगा, जिनसे आगे नीति-निर्माण में मदद मिलेगी। मगर यह सावधानी रखनी जरूरी है कि यह गणना यदि होती भी है तो इसका उपयोग समाज के हित में और उनके कल्याण के लिये ही हो,क्योंकि हमारी युवा पीढी तेजी से बदल रही है,उसके लिये जाति से बड़ा मुद्नदा रोजगार व बेहतरी के अवसरों का है। लिहाजा ?ऐसी गणना के बाद किसी भी किस्म की सामाजिक खाई पैदा करके उसका सियासी उपयोग कम से कम देश हित में तो नहीं ही होगा।

## कविता

### है बढ़ा प्रदूषण !



– कृष्णेन्द्र राय

हर तरफ समस्या ।
नहीं है समाधान ।।
है बढ़ा प्रदूषण ।
दिखता नहीं निदान ।।
बार-बार फटकार का ।
असर ना होने वाला ।।
दे रहे हैं सारे ।
उसका ही हवाला ।।
ना नई ये बात ।
है होता हर साल ।।
आपस में लड़ाई ।
और थोड़ा बवाल ।।
ऐसी ये समस्या ।
पास न कोई हल ।।
बोलते हैं खरच दिया ।
हमने धन और बल ।।

## आज का इतिहास

- 1945 - हांगकांग में नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत हुई।
- 1956 - संयुक्त राष्ट्र( संरा ) ने तत्कालीन सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की।
- 1957 - ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया।
- 1967 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1988 - चीन में विनाशकारी भूकंप से 900 लोगों की मौत हुई।
- 1992 - जर्मनी की राजधानी बर्लिन में नस्लवाद के खिलाफ हुए प्रदर्शन में तीन लाख लोगों ने हिस्सा लिया।
- 1998 - बांग्लादेश में देश के प्रथम प्रधानमंत्री शेख़मुजीबुर्रहमान की हत्या में 15 लोगों को मृत्युदंड।
- 1999 - राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 331 रन की साझेदारी कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।
- 2000 - बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने न्यूयार्क सीट पर जीत दर्ज कर इतिहास रचा।
- 2001 - अफ़ग़ानिस्तान पर पुन÷ ज़बर्दस्त बमबारी।
- 2002 - अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन की दो दिवसीय बैठक मनीला में प्रारम्भ।
- 2004 - हेग में सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर भारत व यूरोपीय संघ सहमत।
- 2005 - भारत ने फ़िलिस्तीनि संगठनों की आतंकवादी कार्रवाई और इस्रायल की दमन की आलोचना की।
- 2008- भारत का पहला मानव रहित अंतरिक्ष मिशन चन्द्रयान-1 चन्द्रमा की कक्षा में पहुँचा।
- 2013 - फिलीपींस के हेनान प्रांत में विनाशकारी चक्रवाती तूफान से छह हजार लोगों की मौत।
- 2016- भारत सरकार ने बड़े नोटों को विमुद्रीकरण किया जिसमें 500 और 1000 रुपये के नोटों का अवैध घोषित किया।
- सोमालिया के मोगादिशू में कार बम धमाके में 11 लोगों की मौत।
- 2001 - अवनि लखेरा - भारत की पैरा निशानेबाज़ हैं।
- 1938 - अरविंद त्रिवेदी - भारतीय सिनेमा में छोटे परदे के प्रसिद्ध कलाकार थे।
- 1937 - भूपेंद्र नाथ कृपाल - भारत के 31वें भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश थे।

## सांस-सांस का संकट

# दिल्ली ही नहीं भारत की पूरी आबादी वायु प्रदूषण की चपेट में, नहीं मिल रही शुद्ध हवा

**जयसिंह रावत**

दिल्ली इन दिनों खतरनाक हो चुकी प्रदूषित वायु के कारण गैस चैम्बर के तौर पर प्रचारित हो रही है। देश की राजधानी की यह हालत निश्चित रूप से गंभीर चिन्ता का विषय है। प्रदूषित हवा दिल्ली के अलावा भी कम से कम 6 राज्यों के दर्जनों शहरों का दम घोंट रही है।दिल्ली, हरियाणा और पंजाब की दमघोटू हवा कि लिए अगर जलती हुई पराली के धुएं को जिम्मेदार माना जाए तो भी महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और बिहार से भी हवा के खतरनाक स्तर तक पहुंचने की पुष्टि केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड कर रहा है।मानकों के अनुसार वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआइ) का 300 अंक पार कर जाने का मतलब हवा का बहुत खराब होना माना जाता है और इन दिनों देश के 88 से अधिक नगरों के निवासी इतनी खराब हवा में सांस ले रहे हैं।

भारत की लगभग शत-प्रतिशत् आबादी वायु प्रदूषण से प्रभावित है। प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभाव का देश की आर्थिकी पर भी बुरा असर पड़ रहा है। वर्ष 2017 में प्रदूषणजन्य कैंसर, पक्षाधात और दिल की बीमारियों आदि से बड़ी संख्या में मौतों और श्रमशक्ति के क्षय के कारण देश को 30 से 78 बिलियन श्रम आय का नुकसान हुआ जो कि देश की जीडीपी के 0.3 से लेकर 0.9 प्रतिशत तक था। यही वजह है कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु जैसा प्रभावशाली कार्यक्रम चलाया है। लैंसेट पत्रिका द्वारा गठित लैसेंट कमीशन के एक नए अध्ययन के अनुसार प्रदूषण के कारण विश्व में 2019 में 90 लाख और भारत में 23 लाख से अधिक लोगों की असामयिक मृत्यु हुई। रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 17 लाख मौतें अकेले वायु प्रदूषण के कारण हुईं, और विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार वायु प्रदूषण से प्रतिवर्ष विश्व में 70 लाख लोगों की असामयिक मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुसार सांस लेने के लिए सबसे शुद्ध वायु शून्य से 50 अंक तक और सन्तोषजनक वायु 51 से लेकर 100 अंक के बीच मानी जाती है और 200 AQI से लेकर 300 तक खराब, 300 से लेकर 400 अंक तक बहुत खराब और 400 से लेकर 500 अंक तक वायु को खतरनाक (सीवियर) माना जाता है।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सोमवार 6 नवम्बर को जारी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के अनुसार हरियाणा के फरीदाबाद के न्यू इंडस्ट्रियल टाउन की AQI 500 अंक तक पहुंच चुकी थी। उत्तर प्रदेश के लोनी की AQI 490 तक पहुंच गई। दिल्ली के राहिणी की AQI 476 अंक को छू गई। दिल्ली के अलावा देश के कई अन्य नगरों की हालत भी कम चिन्ताजनक नहीं है। नवीनतम 6 नवम्बर को जारी वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार बिहार के 7 शहरों का AQI इन दिनों 300 अंक पार कर रहा है। दिल्ली के 32 वायु प्रदूषण जांच केन्द्रों ने 300 अंक से अधिक और 26 ने 400 अंक तक खराब गुणवत्ता दर्ज की है। इसी प्रकार हरियाणा के 20 नगरों के स्टेशनों ने 300 से अधिक और 4 ने 400 अंक से अधिक AQI दर्ज की है। मध्यप्रदेश में एक तथा महाराष्ट्र में 2 नगरों तथा राजस्थान के 6 नगरों की वायुगुणवत्ता 300 अंक से अधिक खराब दर्ज की गई,जबकि राजस्थान के ही भिवाड़ी में AQI 462 दर्ज की गई है। दिल्ली से लगे उत्तर प्रदेश की हालत भी चिन्ताजनक बनी हुई है। यहां 17 नगरों में AQI 300 और 6 में 400 पार गया है।

हवा जीवन के लिए अत्यन्त जरूरी है। भोजन के बिना मनुष्य कई दिनों तक जीवित रह सकता है, पानी के बिना भी कई-कई दिनों तक जीवित रह सकता है, लेकिन हवा के बिना कोई कुछ मिनटों से अधिक जीवित नहीं रह सकता। वायु केवल मनुष्यों के लिए ही नहीं वरन् सभी जीवित प्राणियों के लिए आवश्यक है। अगर हवा ही जहरीली हो गई तो जीवन का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) हवा की समग्र गुणवत्ता का एक माप है। इसकी गणना पांच प्रमुख वायु प्रदूषकों की सांद्रता का उपयोग करके की जाती है। जमीनी स्तर पर ओजोन, पार्टिकुलेट मैटर (पीएम2.5 और पीएम10), कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड। ग्राउंड-लेवल ओजोन सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में नाइट्रोजन के ऑक्साइड और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों के बीच रासायनिक प्रतिक्रियाओं से बनता है।

यह स्मॉग का एक प्रमुख घटक है और श्वसन प्रणाली को प्रभावित कर सकता है। इसी तरह नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जमीनी स्तर पर ओजोन के निर्माण में योगदान करती है और श्वसन प्रणाली को हानि कर सकती है।प्रदूषक सल्फर डाइऑक्साइड कोयला और तेल जैसे सल्फर युक्त जीवाश्म ईंधन के जलने से उत्पन्न होती है। इससे श्वसन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं और अम्लीय वर्षा के निर्माण में योगदान हो सकता है। कार्बन मोनोऑक्साइड कार्बन युक्त ईंधन के अधूरे दहन से उत्पन्न होती है।सीसे के अलावा, अन्य भारी धातुएं जैसे पारा, कैडमियम और आर्सेनिक औद्योगिक प्रक्रियाओं और दहन से हवा में छोड़े जा सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा हो सकता है। अमोनिया गैस वायु की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है।



भारत में वायु प्रदूषण एक महत्वपूर्ण और जटिल समस्या है, और इसके समाधान के लिए सरकारी नीतियों, तकनीकी नवाचारों, सार्वजनिक जागरूकता और व्यक्तिगत कार्यों को शामिल करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।भारत सरकार को वाहनों, उद्योगों और बिजली संयंत्रों के लिए और सख्त उत्सर्जन मानकों को लागू करने की आवश्यकता है। स्वच्छ ईंधन और प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देने से उत्सर्जन में काफी कमी आ सकती है।वाहनों से प्रदूषण कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) अपनाने को प्रोत्साहित करना, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना और संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) जैसे स्वच्छ ईंधन में निवेश करने से वाहन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिल सकती है। स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहित करना और औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देना आवश्यक है।सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की ओर बढ़ने से बिजली उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सकती है, जो वायु प्रदूषण का एक प्रमुख स्त्रोत है। वनीकरण और शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने से वायु की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिल सकती है।अपशिष्ट पृथक्करण, पुनर्चक्रण और खुले में अपशिष्ट जलाने को कम करने सहित प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को लागू करने से हवा में हानिकारक प्रदूषकों को फैलने से रोका जा सकता है।वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क का विस्तार और सुधार प्रदूषण के स्तर का आकलन करने, प्रदूषण स्त्रोतों की पहचान करने और जनता को वायु गुणवत्ता के बारे में सूचित करने में मदद कर सकता है। सार्वजनिक जागरूकता अभियान से नागरिकों को वायु प्रदूषण से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में सूचित किया जा सकता है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# भूटान पर चीनी कुदृष्टि को समझे भारत

**अभिजीत भट्टाचार्य**

नमकू चो घाटी में ढोला चौकी पर चीनी हमले में मिली शिकस्त और अक्तूबर, 1962 में चीनी तानाशाह माओ ज़िदोंग द्वारा भारत को नीचा दिखाना याद है? ढोला क्षेत्र एक तरह से भारत, भूटान और चीन के कब्जे वाले तिब्बत का त्रि-संगम स्थल है। चीनी सेना द्वारा डोकलाम में किया अतिक्रमण याद है? डोकलाम भी भूटान-भारत-तिब्बत का एक त्रि-संगम है। फिर जून, 2020 में गलवान घाटी में, राष्ट्रपति शी जिनपिंग के जन्मदिन के रोज़, चीनी सैनिकों द्वारा 20 भारतीयों को शहीद करने वाला कुकृत्य याद है? पिछले संदर्भ में देखें तो, क्या भारत को मई, 1967 में नक्सलबाड़ी (पश्चिम बंगाल) में हुई पहली गोलीबारी याद है, जिसमें कई सिपाही मारे गए थे और यह भारत में चीनी मूल के 'जन-स्वतंत्रता युद्ध' की शुरुआत थी। चीन की साम्यवादी पार्टी और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वय द्वारा बनाई और महारत से क्रियान्वित की गई यह लड़ाई, जिसके पैदल सिपाही स्थानीय कारकुन थे, 20 लंबे सालों तक अराजकता पैदा करने के बावजूद ज्यादा परिणाम नहीं दे पाई, परंतु इसमें लगभग 50000 जानों की हानि और सीमांत बंगाल सूबे के सभी प्रशासनिक, आर्थिक और सामाजिक पहलू बर्बाद होने के अलावा क्या मिला?

भारतीय मीडिया के केवल एक हिस्से ने पिछले महीने भूटान-चीन के बीच हुई वार्ता पर खबरें कीं। पिछले सप्ताह भूटान नरेश की भारत यात्रा शुरू होने से पहले, हांगकांग की 'साऊथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' अखबार ने चीन की ओर भूटान के चिंताजनक झुकाव को लेकर चेताया है। यहां तक कि लेख में भारत को छिपी चेतावनी दी गई है कि भूटान का यह कूटनीतिक कदम क्षेत्रीय राजनयिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। अखबार का यह आकलन एकदम सही है। तेजी से बदली दृश्यावली ने भारतीय प्रतिष्ठानों में खतरे की घंटी बजा डाली। वह निष्ठुर एवं खून के प्यासे ड्रैगन के खून के पंजों की पकड़ भूटान पर बनते देख अंदर तक हिल गया हैङ्क यह मंज़र 1950 में आज़ाद तिब्बत पर चीनी कब्जे से पहली बने हालात की याद दिलाता है। 73 साल गुज़र गए लेकिन लोगबाग अभी भी तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को चीन की शैतानी चालों को सफल होने देने और भारत की मुसीबतों के लिए मुख्य खलनायक मानते हैं। भारत ने अपना इलाका गंवाया है और आज भी गंवा रहा है। इस तरह अपनी संप्रभुता पर चोट पहुंचाने वाले हमलों का सामना कर रहा है।

इस चिंतनीय खबर के बावजूद चीन-भूटान के बीच बनती



घनिष्ठता पर भारत के विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया नपी-तुली रही और 'तथ्यात्मक' बयान आया ÷ 'भारत और भूटान के बीच मित्रता और सहयोग के अनूठे रिश्ते हैं, जो आपसी समझ और विश्वास पर टिके हैं।' माना यह सही है, लेकिन आज के दिन वह समय-सिद्ध भारत-भूटान मित्रता और आपसी समझ एवं सहयोग पर टिके उस परस्पर विश्वास पर चीनी चालों से गंभीर खतरा आसन्न है। कदाचित यह स्थिति सदा के लिए बदल जाए।

शी जिनपिंग बाजिद हैं कि भूटान की विदेश-नीति निर्धारण में भारत की भूमिका को दरकिनार करके, चीन उसका उसका राजनयिक-दिशानिर्देशक बन जाए। सामान्य वक्त में, किसी को इस पर आपत्ति न होती। लेकिन भारत-चीन के बीच राजनीतिक-कूटनीति द्विपक्षीय संबंधों ने कभी भी सामान्य वक्त नहीं देखा, क्योंकि, चीन की प्रवृत्ति धोखा देने, ठगने, झूठ घड़ने और आक्रामक होने की रही है। भारत और अपने अन्य संप्रभु पड़ोसियों के थलीय-जलीय इलाके में अपना विस्तार करने, बलात हथियाने या कब्जा करने की चीनी कोशिशें, उसकी मंशा का सुबूत हैं, जिसको पूरी दुनिया जानती और मानती है।

चीन और भूटान के बीच सीधा संपर्क बनने से पैदा होने वाले खतरे को, सभ्य देशों की आचार संहिता के संबंध में एक कपोल-कल्पना न समझा जाए। इसके पीछे छिपी है असामान्य भू-राजनीतिक और कब्जाने एवं दबाने की भू-आर्थिकी चालङ्क यह उस नीति का अंग है, जो जिनपिंग ने निरोल रूप से भारत के लिए अपना रखी है। भूटान-चीन के बीच सीधा संपर्क यानी भारत के वजूद के लिए खतरा और बहुत बड़ा भूभाग गंवाने की आशंका। बताया जा रहा है, अपनी बीजिंग यात्रा में भूटान के विदेश मंत्री टांडी दोरज़ी ने चीनी उप-राष्ट्रपति हान झेंग और विदेशमंत्री वांग यी से मुलाकात के बाद चीन से सीमा विवाद पर 'बड़ी प्राप्ति' हासिल की है। उन्होंने चीन के साथ मिलकर काम करने की भूटान की इच्छा दर्शायी है। चीन ने भी भूटान में अपना दूतावास खोलने की पुरानी इच्छा दोहराई है। भारत को अवश्य ही इस कदम का पुरज़ोर विरोध करना चाहिए। भारत के वजूद के चलते चीन भूटान में अपनी उपस्थिति महसूस नहीं करवा सकता। बतौर नीतिगत मामला, भूटान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांचों सदस्यों के साथ (चीन सहित) दूतावास स्तर के राजनयिक संबंध नहीं हैं। इसलिए भूटान द्वारा चीन को राजनयिक पहुंच प्रदान करने से अन्य चार देशों के लिए भी दरवाज़ा खुल जाएगा। संप्रभु भूटान को याद रखना होगा कि हिमालय के पर्यावरणीय रूप से नाज़ुक क्षेत्र में स्थित होने की वजह से वह विदेशियों की बाढ़ के लिए द्वार खोलना गवारा नहीं कर सकता। चीन के प्रवेश के बाद अन्य देशों की आमद होने पर 'स्वर्ग का पुत्र' (शी जिनपिंग) भूटान को नर्क बनाने पर तुल जाएगा। भूटान का भविष्य भारत के साथ संबंध प्रगाढ़ बनाए रखने में है, जिसकी मंशा न तो अपने पड़ोसियों को बंधुआ बनाने की है न ही उन्हें कर्ज के पहाड़ तले दबाने या जबरदस्ती उनकी जमीन हड़पने की या नस्लकुशी करने की। इसीलिए भारत की नीति सदा एक मिसाल रही है। क्या हमारे समुद्र तट विहीन दो पड़ोसी देश- भूटान और नेपालङ्क के नागरिकों को भारत आने के लिए पासपोर्ट अथवा वीज़ा लेना पड़ता है? अपने एक अन्य पड़ोसी किंतु दुश्मन राष्ट्र के नागरिकों द्वारा समय-समय पर किए आपराधिक कृत्यों को झेलने के बावजूद भारत चीन के बरक्स भूटान का वैकल्पिक दोस्त नहीं बन सकता।

मौजूदा हालात में जिस तरह खतरा मंडरा रहा है, उसको लेकर भारत को आज जितना सतर्क रहने की जरूरत है, इससे पहले कभी नहीं थी। ड्रैगन इस वक्त बहुत तेज़ी में है क्योंकि शी जिनपिंग को और गवारा नहीं है कि भारत एक मातहत न बने जैसा कि उन्होंने अन्य छोटे और कमज़ोर मुल्कों और बीआरआई/सीपीईसी वाले देशों को पिछलग्गू बनाकर किया है। भूटान एशिया का एकमात्र राष्ट्र है जिसके चीन के साथ राजनयिक स्तर के संबंध नहीं हैं, यह बात चीनी राष्ट्रपति के लिए बेइज्जती महसूस करने का सबब बनी हुई है। इसलिए जैसे भी हो, भूटान को भी अपनी छत्रछाया में लेना है और भूटान को हड़पने का यह मंज़र भारत मन-मसोसकर देखेङ्क चीन की सोच का यही लक्ष्य है। चीन को अपने अड़ोस-पड़ोस में दबदबा कायम करने में किसी किस्म की बाधा अब चाहे छोटी या बड़ी स्वीकार नहीं है। इस उपमहाद्वीप से होकर गुज़रते थलीय एवं जलीय मार्ग सामरिक रूप से उसके लिए बहुत अहम और जरूरी हैं और चीन की प्रगति गाथा के समांतर उनको छोड़ नहीं जा सकता। यहां ज़रा गलती न होङ्क यदि भारत और भूटान अपना एका और आपस में गुथे उप-हिमालयी भूभाग रूपी सांझी गर्भनाल को तोड़ देंगे, तो इस स्वनिर्मित बर्बादी के लिए दोनों ही दोषी करार होंगे।

**साभार :** लेखक स्तंभकार हैं। यय लेखक के अपने विचार हैं।

# मतदान के लिए आज शाम तक दौड़ेगा नर्मदापुरम



## मतदाता जागरुकता अंतर्गत विशाल मैराथन का आयोजन

### सीईओ रावत ने मैराथन स्थल पुलिस परेड ग्राउंड का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन के त्योहार में विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है, 17 नवंबर को नर्मदापुरम जिले में शत प्रतिशत मतदान पूर्ण करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अंतर्गत मतदान के लिए आज दोपहर 3 बजे विशाल मतदाता जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, मैराथन में सभी आयु वर्ग शामिल हो सकते है। मैराथन 5 किलोमीटर शहरी क्षेत्र में कराई जा रही है जीतने वाले धावकों को पुरुस्कृत किया जाएगा। साथ ही घोषित इनाम साथ ही सभी मैराथन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। यह दौड़ पुलिस ग्राउंड से शुरू होकर शहर के प्रमुख चौक चौराहों से होकर निकलेगी जिसका समापन पुलिस ग्राउंड पर ही होगा। जिसमें धावकों को तीन निर्धारित पॉइंटस से कूपन लेकर फिनिश पॉइंट पर पहुंचना होगा तभी उसे नियमित दौड़ में शामिल किया जाएगा।

मैराथन से पहले सीईओ एस एस रावत ने पुलिस ग्राउंड में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही मैराथन के आयोजन कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

### 17 नवंबर को होगा मतदान ,डाक मतपत्र से मतदान शुरू

# 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं व दिव्यांगों ने किया घर से ही मतदान

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से घर से ही मतदान करने की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। विधानसभा निर्वाचन के लिए आगामी 17 नवंबर को मतदान होगा। इससे पूर्व वृद्ध व दिव्यांग मतदाता तथा निर्वाचन ड्यूटी में लगे शासकीय कर्मचारी डाक मतपत्र से मतदान कर रहे है। जिले में सोमवार से डाक मतपत्र से मतदान का कार्य प्रारम्भ हो गया हैं। मंगलवार भी सुबह से ही मतदान दल रवाना हो गये। हर मतदान दल के साथ दो-दो मतदान अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षाकर्मी, वीडियोग्राफर व बीएलओ भी मतदाता के घर तक गये और मतदान कराया। इस मतदान की कार्यवाही की मॉनिटरिंग संबंधित क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी लगातार करते रहे।

नर्मदापुरम निवासी दिव्यांग मतदाता तन्मय करैया ने बताया की उन्होंने और उनके पिता सुनील करैया द्वारा आज अपने मताधिकार



का प्रयोग किया गया। भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर घर पहुंच मतदान सुविधा का लाभ मिला है। उन्होंने सभी मतदाताओं से 17 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की। नर्मदापुरम निवासी दिव्यांग मतदाता चित्र दुबे ने भी आज अपने घर से मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने घर पहुंच मतदान सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन को दिया धन्यवाद। वरिष्ठ मतदाता तारकेश्वर सिंह ने भी घर पहुंच मतदान सुविधा का लाभ लिया और अपना मतदान दिया। नर्मदापुरम में दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के मतदान के दौरान रिटर्निंग अधिकारी आशीष पांडे और सहायक रिटर्निंग अधिकारी देव शंकर धुर्वे ने भी निरीक्षण किया।

### वृद्ध और दिव्यांग ने किया घर पर ही किया मतदान



**सिवनी मालवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम नीरज कुमार सिंह द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चिन्ह अंकित 80 वर्ष या इससे अधिक आयु की वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही मतदान करने के लिए 15 दल गठित किए गए। प्रमोद सिंह गुर्जर रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि जो मतदाता इन तारीखों में मतदान नहीं करेंगे शेष मतदाता 9 नवंबर को मतदान करेंगे प्रत्येक दल के साथ सेक्टर ऑफिसर/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मतदान अधिकारी क्रमांक एक एवं दो माइक्रो आब्जर्वर के साथ पुलिस बल और वीडियो ग्राफर पथ प्रदर्शक में बीएलओ उपस्थित रहेंगे विधानसभा क्षेत्र के चिन्हित मतदाताओं के घर जाकर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार पूरी गोपनीयता और सुरक्षा के साथ मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है।

# नियोजक तथा प्रबंधकों श्रमिकों को 17 नवम्बर को सवैतनिक अवकाश के निर्देश

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानानुसार समस्त विधानसभाओं के क्षेत्रों में आने वाले सभी कारोबार, व्यवसाय औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, चाहे वह दैनिक मजदूर या आकस्मिक श्रमिक श्रेणी का ही हो, जो आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में मतदान करने का हकदार है, को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाना आवश्यक है।

कामगार किसी ऐसे उद्योग या स्थापना में नियोजित है जो उस विधानसभा क्षेत्र से बाहर है जहाँ आम निर्वाचन हो रहे हैं, उन्हें मतदन के लिए सवैतनिक अवकाश की पात्रता होगी। 17 नवम्बर,2023 को मतदान दिवस के दिन जिले के समस्त कारखानों के अधिभोगीगणों प्रबंधकों तथा दुकानों, व्यवसायियों, कारोबारियों एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं के नियोजक तथा प्रबंधकों को श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश प्रदाय करने के निर्देश दिए गये है।

# आगामी त्योहारों की दृष्टिगत खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच जारी



**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार एवं उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशन में विभागीय जांच दलों द्वारा जिले में लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई निर्माता, विक्रेताओं की जांच की जा रही है।

मंगलवार को नगर नर्मदापुरम क्षेत्र अंतर्गत आकस्मिक निरीक्षण किया गया7 निरीक्षण व कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा एवं कमलेश दियावार द्वारा की गई। खाद्य सामग्री विक्रेता राजस्थान स्वीट्स मीनाक्षी चौक से मलाई बर्फी और रसगुल्ला, हलवाई चौक स्थित डमरू वाले स्वीट्स से मिल्क केक एवं रसगुल्ला, महेश स्वीट्स से पेडे, गुप्ता मिष्ठान भंडार से दूध बर्फी एवं घंटीवाले स्वीट्स से केसर मावा बर्फी ऐसे कुल 07 नमूने जांच हेतु लिए गए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत खाद्य पदार्थ मिठाई आदि पर निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि का प्रदर्शन एवं साफ सफाई के लिए निर्देश दिए गए। नमूने जांच हेतु विधिवत प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे हैं एवं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए विभाग द्वारा कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

# रिटर्निंग अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी होंगे पुरस्कृत

**नर्मदापुरम।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा। इस बार मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी और बूथ लेवल अधिकारी को नकद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह नवाचार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि निर्वाचन कार्य में बीएलओ की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले शीर्ष 3-3 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को सम्मानित किया जाएगा। बीएलओ को पुरस्कार के रूप में 5-5 हजार रुपये की नकद राशि व प्रशस्ति पत्र भेंट की जाएगी। इसी प्रकार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदान प्रतिशत ब?ाने और निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शीर्ष-3 विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों को 1-1 लाख रुपये और शीर्ष - 3 कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला नोडल अधिकारी (स्वीप) को संबंधित विधानसभा क्षेत्र एवं जिले में स्वीप गतिविधियों के लिए 5-5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। चयनित अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कार 25 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्यपाल द्वारा भव्य और गरिमामय सम्मान समारोह में दिया जाएगा।

**मेट्रो एंकर** प्रेक्षक ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

# प्रेक्षक सुहास की मौजूदगी में हुआ ईवीएम का द्वितीय रेनडमाईजेशन

**नर्मदपुरम/ सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

**भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार आगामी 17 नवंबर 2023 को संपन्न होने वाले विधानसभा निर्वाचन के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनीमालवा में विधानसभा निर्वाचन सामान्य प्रेक्षक उदय नारायण दास की उपस्थिति में रिटर्निंग अधिकारी सिवनी मालवा के कक्ष में ईवीएम मशीनों का द्वितीय रेंडमाईजेशन संपन्न हुआ।**



इस प्रक्रिया में रिटर्निंग अधिकारी प्रमोद सिंह गुर्जर , सहायक रिटर्निंग अधिकारी राकेश खजूरिया ,विभिन्न दलो के अभ्यर्थी, निर्दलीय अभ्यर्थी एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके अंतर्गत बैलैट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपीएटी मशीन मतदान केंद्रवार आवंटित की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 में 318 मतदान केंद्र है रैंडमाइजेशन के पूर्व प्रेक्षक द्वारा तहसील कार्यालय में अनुमति शाखा, कंट्रोल शाखा, निगरानी दल शाखा का भी निरीक्षण किया। प्रेक्षक द्वारा कंट्रोल शाखा नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार श्रीमति दीप्ति चौधरी से शिकायतों के संबंध में जानकारी ली गई । बताया गया कि जिले से चार शिकायतें प्राप्त हुई थी चारों को निराकरण कर दिया गया है सी-विजील एप्स पर पांच शिकायतें प्राप्त हुई थी। पांचो शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है। अनुमति शाखा नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार नितिन राय को पावती रजिस्टर संधारण के निर्देश दिए। प्रेक्षक द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 के विभिन्न मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया।



## मतदान कर्मियों को अंतिम चरण का प्रतिक्षण हुआ प्रारंभ, 3 दिन चलेगा

# पहले दिन 309 मतदान कर्मियों ने बैलट पेपर से किया मतदान

### ईवीएम मशीनों का हुआ रेंडमाइजेशन

सिरोंज,दोपहर मेट्रो





मतदान कर्मियों को इस बार बेलेट पेपर से मतदान करने का मौका मिला नहीं तो पहले डाक मत पत्र से मतदान होता था जिसमें कई मतदान कर्मी अपना मत भी नहीं डाल पाए थे। कुछ का डाक से समय पर मत भी नहीं पहुंच पाता था इस कारण से निर्वाचन आयोग ने प्रतिशत इनका बढ़ने के लिए अच्छी पहल की है एलबीएस कॉलेज में बनाए गए मतदान कर्मियों के लिए मतदान केंद्र पर मत डालने का काम प्रारंभ हो गया है । तीन दिनों तक चलेगा पहले दिन 309 मतदान कर्मियों ने अपने मत डाले जिसमें पांच विधानसभाओं के मतदान कर्मी ने कतारबद्ध होकर शांति पूर्वक मतदान किया।

**144-विदिशा- 85**
**145-बासोदा- 63**
**146-कुरवाई- 53**
**147-सिरोंज- 98**
**148-शमशाबाद- 10**
**अपने मताधिकार का प्रयोग किया।**

10 से 80 प्लस और दिव्यांगजनों के डालेंगे वोट टोटल 14 ने किया है आवेदन - वही 10 नवंबर से 80 प्लस एवं दिव्यांगजन घर पर ही वोट डलवाने की पहल भी निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रारंभ की गई है। इसके लिए पहले ही ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया भी थी जिन्हें ऑनलाइन आवेदन किया है। उनके मत घर पर डलवाए जाएंगे जिनकी संख्या टोटल 14 है। निर्वाचन अधिकारी हर्षल चौधरी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के द्वारा 80 प्लस तथा दिव्यांग जनों को घर पर ही मतदान करने के लिए प्रावधान किया है जिन्होंने पहले ऑनलाइन आवेदन किया है उनके वोट घर पर डालेंगे जिनकी संख्या में से 14 जिसमें 7 लटेरी और 7 सिरोंज के है।

ईवीएम मशीनों का हुआ रेंडमाइजेशन, मतदान केंद्र बार मशीनों को जमाया - 17 नवंबर को विधानसभा का चुनाव होगा जिसमें 221737 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए क्षेत्र का जन प्रतिनिधियों चुनेंगे विधानसभा चुनाव संपन्न करने के लिए टोटल 254 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए 279 मतदान दल तैनात किए गए हैं। इतनी ही ईवीएम मशीन चुनाव संपन्न करने के लिए उपलब्ध कराई गई है । जिनको पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए कक्ष में रखा गया है। जहां से मतदान केंद्र बार ईवीएम मशीन मतदान दलों को प्रदान की जाएगी जिसकी तैयारियां भी व्यापार स्तर पर चल रही है। मंगलवार को निर्वाचन अधिकारी हर्षल चौधरी की मौजूदगी में रेंडमाइजेशन के बाद सभी ईवीएम मशीनों को मतदान केंद्र बार रखा गया है। जिससे कि चुनाव के दौरान मतदान दलों को ईवीएम मशीनों सामग्री प्रदान करने में किसी भी तरह की परेशानी ना उसको दृष्टिगत रखते हुए अभी से सभी तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम मशीनों को मतदान केंद्र के हिसाब से हमने रखवाया है। इसके अलावा अन्य व्यवस्थाएं भी हमारे द्वारा की गई है प्रशिक्षण भी मतदान कर्मियों को चुनाव संपन्न करने के लिए दिया जा रहा है।

मतदान कर्मियों को दिया अंतिम चरण का प्रतिक्षण हुआ प्रारंभ 3 दिन चलेगा - विधानसभा चुनाव संपन्न करने के लिए अंतिम चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। विधानसभा के लिए कुल 254 मतदान केदो बनाए गए हैं। जिनके लिए 279 मतदान दल बनाए गए हैं बाकी दल रिजर्व में रखे गए हैं जिससे कि निर्वाचन के दौरान किसी भी तरह की समस्या होने पर इनको भेजा जा सके। चुनाव संपन्न करने के लिए अंतिम दौर का प्रशिक्षण भी एलबीएस कॉलेज में प्रारंभ हो गया है तीन दिनों तक मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा पहले दिन। ईवीएम मशीन से लेकर बीवी पेट बा मतदान के दौरान कौन सी सावधानी बरतनी है। किस तरीके से मतदान दल को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना उसके संबंध में बारीकी से जानकारी मास्टर ट्रेनों के द्वारा दी गई । निर्वाचन अधिकारी हर्षल चौधरी ने बताया कि उम्मीदवारों के एजेंट के सामने ही ईवीएम मशीन को खोलना है उसके बाद उनको अच्छी तरह से चेक करना है फिर मतदान प्रारंभ करना है इसमें किसी भी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए उन्होंने विस्तार समझाया वहीं मास्टर ट्रेनर के द्वारा मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण अलग-अलग हिप्टो दिया गया तीन दिनों तक मास्टर ट्रेनों के द्वारा मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण बारीकी से दिया जाएगा जिससे कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की परेशानी मतदान कर्मियों को ना हो।

## एडवोकेट शोएब खान को मिली 5 विधानसभाओं की जिम्मेदारी

**दावा : प्रत्याशियों को विजय बनाकर प्रदेश में कांग्रेस की बनवाएंगे सरकार**

**सिरोंज ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोएब खांन को मध्य प्रदेश कांग्रेस खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल सिंह सोलंकी ने एडवोकेट शोएब खांन को सिरोंज, अशोकनगर, चंदेरी, मुंगावली एवं गुना का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। श्री खान ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सक्रियता के साथ सिरोंज, अशोक नगर, चंदेरी, मुगावली, गुना के समस्त कांग्रेस पदाधिकारी के साथ मिलकर प्रत्याशियों को विजय बनाकर मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे एवं कमलनाथ जी को मुख्यमंत्री बनाकर फिर से चहुमुखी विकास कर प्रदेश में भ्रष्टाचार से मुक्त कराएंगे।

## भाजपा का दामन छोड़कर, कांग्रेस का हाथ थामने का दौर जारी, भाजपा ने नेताओं द्वारा मनाने के प्रयास भी तेज

सिरोंज,दोपहर मेट्रो



विधानसभा चुनाव में दल बादल का खेल भी जोर-शोर से चल रहा है। इन दिनों भाजपा में ज्यादा ही खलबली मची हुई है भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जाने वालों की संख्या हर दिन बढ़ती ही जा रही है । आए दिन भाजपा से त्यागपत्र देखकर कांग्रेस का दामन थामने का काम किया जा रहा है। जिसको लेकर कई तरह की चर्चाएं भी चल रही है वहीं रूठो को मनाने के लिए जहां भाजपा के द्वारा महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश सहित कई जगह से विधायकों एवं संगठन के लोगों को लगा दिया है फिर भी टूट थमने का नाम नहीं ले रही है। सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिल रही हैं। सबसे ज्यादा भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में कार्यकर्ता जा रहे हैं। इसी क्रम में लाखन सिंह यादव, सौदान सिंह यादव के आदि ने अपने समर्थकों के साथ सोमवार की देर रात्रि में कांग्रेस उम्मीदवार गगनेंद्र रघुवंशी के कार्यालय पहुंचकर श्री रघुवंशी की मौजूदगी में कांग्रेस के सदस्य ग्रहण करते हुए इन्हें विधानसभा में भारी मतों से चुनाव जितने के लिए नारेबाजी करते हुए कहा कि हम तन मन धन से काम करेंगे और गगनेंद्र रघुवंशी को विधानसभा भेजकर ही दम लेंगे। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार श्री रघुवंशी ने कहा कि भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आने वाले सभी कार्यकर्ताओं का हम स्वागत करते हैं हम मिलकर काम करेंगे ओर सब मिलकर क्षेत्र का विकास करेंगे ।



## अभ्यर्थियों का व्यय खर्च जांच पड़ताल की प्रेक्षक ने

सिरोंज,दोपहर मेट्रो

विधानसभा में टोटल 14 उम्मीदवारों मैदान में डटे हुए हैं। जिनके द्वारा मतदाताओं को अपनी तरफकरने के लिल चुनावी में खर्च भी किया जा रहे हैं । उसकी परख करने के लिए मंगलवार व्यय प्रेक्षक निर्वाचन कार्यालय में पहुंचे उन्होंने अभ्यर्थी बार चुनावी खर्च की जानकारी बारीकी से देखी।

**मेट्रो एंकर** चितावर, देवपुर एवं नगर मण्डल के कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मेलन

## 'मेरे कार्यकर्ता बड़े देव दुर्लभ है जो परिश्रम की पराकाष्ठा भी करते है और आर्थिक सहयोग'

सिरोंज,दोपहर मेट्रो




आज पूरा प्रदेश कमल के फूल को खिलाने के लिए तैयार है बस आवश्कता है कि हम प्रत्येक कार्यकर्ता एक एक घर पहुँचकर मतदाता से सर झुका कर आशीर्वाद ले ले। इसमे कोई दोराह नही है कि प्रदेश में 150 से अधिक सीटे भाजपा जीतकर सरकार बनाने वाली है ओर उसमे सिरोंज लटेरी भी शामिल है लेकिन हमको अति उत्साह में भी नही रहना है पूरे आत्मविश्वास के साथ कार्यकर्ता को अपने मतदान केंद्र पर मेहनत करने की आवश्यकता है। यह बात विदिशा जिले के प्रभारी पंकज सिंह ने आयोजित देवपुर, चितावर एवं नगर मंडल के कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि स्व.लक्ष्मीकांत जी आज हमारे बीच मे नही है लेकिन में देख रहा हूँ वह एक एक कार्यकर्ता के ह्रदय में जीवित है।

आप कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत की बदौलत ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित हुई है। भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनैतिक दल है जो पहले राष्ट्र फिर संगठन और उसके बाद स्वयं का चिंतन करता है जबकि कांग्रेस में परिवारवाद ओर स्वयं के विकास पर ही ध्यान केंद्रित रहता है देश सेवा तो उनके आचरण में है ही नही। कोरोना काल इसका सबसे आदर्श उदाहरण है जब एक एक कार्यकर्ता पीड़ित मानवता की सेवा में जुट गया था। उधर कांग्रेस में दो नेता मंच से ही ही एक दूर के कपड़े फाड़ने की बात करते है। कांग्रेस ऐसी पार्टी है जो सीमा पर शहीद हुए सैनिकों की शहादत का सरकार से सबूत माँगते है और आतंकवादियों की मौत पर आँसू बहाते ओर नाम मे जी लगाते व है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में ऐसा माहौल बन गया है कि अगर हमारे कोई कार्यकर्ता बिना झंडे डंडे के सड़क पर केवल भारत माता की जयकार करते हुए भी निकल जाए तो समाज उसकी पहचान राष्ट्रवादी के रूप में हो जाती है। इस अवसर पर विधायक प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने कार्यकर्ताओं के बीच अपनी बात रखते हुए पूरे पण प्राण से प्रत्येक मतदान क्रेंद्र पर भाजपा को विजय बनाने के लिए जुट जाने का आव्हान किया।

कार्यकर्ताओ ने चुनाव लड़ने दिया चंदा - बैठक के दौरान उपस्थित भाजपा नेताओं,किसानों एवं व्यापारियों ने हमेशा की तरह चुनाव लड़ने के लिए भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा को सहयोग राशि देने के धोषणा भी की। कुछ ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों ने तो नगद रूप में ही मंच का संचालन कर रहे चुनाव संचालक रमेश यादव के पास अपनी नगद राशि भी प्रदान की । चुनाव लड़ने की इस सहयोग राशि मे सबसे छोटी राशि 11 रुपये थी तो सबसे बड़ी राशि ढाई लाख रुपये भी थी । एक ही वक्त में लाखों रुपये की सहयोग राशि से अभिभूत उमाकान्त शर्मा ने कहा कि मेरे कार्यकर्ता बड़े देव दुर्लभ है जो परिश्रम की पराकाष्ठा भी करते है और आर्थिक सहयोग भी करते है। सम्मेलन को जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंडलो के नेतागण एवं बूथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### पॉइंट्स टेबल में साउथ अफ्रीका नंबर-2 और ऑस्ट्रेलिया नंबर-3 पर

# नॉकआउट में पहुंची ऑस्ट्रेलिया से होगा साउथ अफ्रीका का सेमीफाइनल

**मुंबई, एजेंसी**

ग्लेन मैक्सवेल की ऐतिहासिक डबल सेंचुरी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को 3 विकेट से हराया। 91 रन पर 7 विकेट गंवाने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया ने 292 रन का टारगेट हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह बना ली। कंगारू टीम ने वनडे वर्ल्ड कप में लगातार छठा मैच जीता।

दरअसल, इस जीत से तय हो गया कि अब उनका नॉकआउट मैच साउथ अफ्रीका से ही होगा। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया दोनों के 8 मैचों में 6 जीत से 12 पॉइंट्स हैं। दोनों पॉइंट्स टेबल में नंबर-2 और नंबर-3 पोजिशन पर हैं और वर्ल्ड कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला नंबर-2 और नंबर-3 टीम के बीच ही होगा। पहला सेमीफाइनल नंबर-1 और नंबर-4 पोजिशन की टीम के बीच होगा। नंबर-1 पर टीम इंडिया फिनिश कर रही है, वहीं नंबर-4 पोजिशन की टीम अब तक तय नहीं है। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल के लिए कैसे क्वालिफाई किया। उनकी वर्ल्ड कप और वनडे इतिहास में दोनों के बीच मैचों के नतीजे क्या रहे और दोनों का मुकाबला किस मैदान पर हो सकता है। कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 3 ही वनडे खेले, उन्हें 2 में जीत और एक में हार मिली। जबकि साउथ अफ्रीका ने कोलकाता में 5 वनडे खेले, 3 में टीम को हार और 2 में जीत मिली।



### लगातार छह मैच जीत नॉकआउट में पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही थी। टीम को पहले ही मुकाबले में मेजबान भारत के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अगले ही मुकाबले में टीम को साउथ अफ्रीका ने 134 रन से हरा दिया। 2 लगातार हार के बाद कंगारू टीम ने कमबैक किया और 6 मैच जीत लिए। टीम ने श्रीलंका को 5 विकेट, पाकिस्तान को 62 रन, नीदरलैंड को 309 रन, न्यूजीलैंड को 5 रन, इंग्लैंड को 33 रन और अफगानिस्तान को 3 विकेट से हराया। लगातार 6 जीत के साथ ही टीम ने 12 पॉइंट्स के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली। टीम का आखिरी मुकाबला 11 नवंबर को बांग्लादेश से होगा, इसे हारने या जीतने पर भी टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे या तीसरे नंबर पर ही रहेगी।

### दोनों का सेमीफाइनल वेन्यू तय नहीं

पॉइंट्स टेबल में साउथ अफ्रीका इस वक्त नंबर-2 और ऑस्ट्रेलिया नंबर-3 पर हैं। आखिरी मैच में जीत या हार की स्थिति में भी दोनों टीमें दूसरे या तीसरे नंबर पर ही फिनिश करेंगी, क्योंकि नंबर-4 पोजिशन पर क्वालिफाई करने वाली टीम 10 से ज्यादा पॉइंट्स नहीं कर पाएगी। इसलिए साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच ही सेमीफाइनल मुकाबला होगा। टीम इंडिया नंबर-1 पोजिशन पर रहकर नॉकआउट में पहुंचेगी। उनका मैच नंबर-4 पर रहने वाली टीम से होगा। अगर भारत और पाकिस्तान के बीच सेमीफाइनल हुआ तो मैच कोलकाता में होगा, इस सिचुएशन में साउथ अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया मैच मुंबई में खेला जाएगा। वहीं भारत और न्यूजीलैंड या अफगानिस्तान में सेमीफाइनल हुआ तो मैच मुंबई में होगा, इस सिचुएशन में साउथ अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया मैच कोलकाता में खेला जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड को हराकर साउथ अफ्रीका ने किया क्वालिफाई

साउथ अफ्रीका टूर्नामेंट की सेकेंड बेस्ट टीम बनकर उभरी है। टीम ने पहले ही मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ 428 रन बनाकर 102 रन से जीत दर्ज की। टीम के 3 बैटर्स ने मैच में सेंचुरी लगाई। फिर साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 134 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपना दबदबा दिखाया। लेकिन नीदरलैंड के खिलाफ टीम रन चेज में बिखर कर 38 रन से मैच हार गई। डच टीम से हार के बाद भी साउथ अफ्रीका ने कमबैक किया और टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को 229 और बांग्लादेश को 149 रन से हरा दिया। टीम पहले बैटिंग करते हुए 4 मैच जीत चुकी थी, उनका अगला मैच पाकिस्तान से हुआ, टीम ने यहां चेज किया और डेथ ओवर्स तक गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका को एक विकेट से जीत मिली। लगातार 3 जीत के बाद टीम ने टेबल टॉपर न्यूजीलैंड को 190 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। 7 में से 6 मैच जीतने के बाद साउथ अफ्रीका का सामना मेजबान भारत से हुआ। टीम को पहले बॉलिंग का मौका मिला और भारत ने 326 रन बनाए। कोलकाता की पिच पर टीम रन चेज में बिखर गई और 243 रन से मुकाबला हार गई। 8 मैचों में 6 जीत से 12 अंक लेकर टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। साउथ अफ्रीका का आखिरी मुकाबला 10 नवंबर को अफगानिस्तान से होगा, इसे जीतने या हारने की स्थिति में भी टीम दूसरे नंबर की पोजिशन पर ही फिनिश करेगी।

### इंग्लैंड से होगा मुकाबला

# आज नीदरलैंड के पास सेमीफाइनल का चांस

**पुणे, एजेंसी**

आज वनडे वर्ल्ड कप में नीदरलैंड और इंग्लैंड के बीच मैच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच टॉप-8 की लड़ाई होगी। इंग्लैंड वर्ल्ड कप से बाहर हो चुका है और पॉइंट्स टेबल में आखिरी नंबर पर है। वहीं, नीदरलैंड के 2 जीत के साथ 4 पॉइंट्स है। नीदरलैंड के पास सेमीफाइनल का चांस है, लेकिन उसे हर मुकाबला बड़े अंतर से जीतना होगा।

इंग्लैंड के लिए वर्ल्ड कप से बाहर होने के बावजूद टॉप-8 में जगह बनाने की चुनौती होगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में क्वालिफाई करने के लिए 8 टीमें भारत में जारी वनडे वर्ल्ड कप के पॉइंट्स टेबल से ही क्वालिफाई करेंगी। वर्ल्ड कप में लीग स्टेज खत्म होने के बाद पॉइंट्स टेबल में जो टीमें टॉप-8 में रहेंगी, वह पाकिस्तान की मेजबानी में टूर्नामेंट खेलेंगी। वनडे क्रिकेट में नीदरलैंड अब तक इंग्लैंड के खिलाफ नहीं जीत पाया है। अब तक खेले 6 मैचों में सभी मुकाबले इंग्लैंड ने जीते है। वहीं, दोनों टीमें वनडे वर्ल्ड कप में साल 1996, 2003 और 2011 में आपस में भिड़ी है। इसमें भी इंग्लैंड ही जीता है।

इंग्लैंड की बल्लेबाजी फेलः इंग्लैंड की बल्लेबाजी इस टूर्नामेंट में फेल रही है। सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और डेविड मलान की जोड़ी हर मुकाबले में एक अच्छा स्टार्ट देने में नाकाम रही है। जबकि जो रूट भी बल्ले से बड़ी पारी नहीं खेल पाए है। कप्तान जोस बटलर और बड़े शॉट खेलने वाले लियम लिंगस्टन भी खराब फॉर्म में हैं। इंग्लैंड को जीतने के लिए उसके बल्लेबाजों को आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। बल्लेबाजी के मुकाबले इंग्लैंड की गेंदबाजी बेहतर रही है।



### चैंपियंस ट्रॉफी में एंट्री के लिए डच के पास मौका

नीदरलैंड्स के लिए यह मैच चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दावा पेश करने का सुनहरा मौका है। नीदरलैंड ने इस वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश पर जीत हासिल करने के बाद टीम कॉन्फिडेंट है। ऑलराउंडर्स से भरी नीदरलैंड टीम में बास डे लीडे ने सबसे ज्यादा 11 विकेट लिए है। बल्लेबाजी में ओपनिंग जोड़ी को बड़ी साझेदारी की जरूरत है। पुणे के मैदान की पीच काली मिट्टी से तैयार की जाती हैं और अब तक इस स्टेडियम में कुल 9 वनडे मैच हो चुके हैं। यह बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट है। इस मैदान पर 356 रन का स्कोर हाईएस्ट है। बुधवार को पुणे में बारिश के कोई आसार नहीं है। तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है।

**इंग्लैंड टीम में:** जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), जॉनी बेयरस्टो, डेविड मलान, जो रूट, बेन स्टोक्स, लियम लिविंगस्टन, मोइन अली, क्रिस वोक्स, डेविड विली, आदिल राशिद और मार्क वुड।

**नीदरलैंड में:** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान और विकेटकीपर), विक्रमजीत सिंह, मैक्स ओ डाउड, कॉलिन एकरमैन, सायब्रांड एंगलब्रेक्ट, बास डे लीडे, साकिब जुल्फिकार, लॉगन वान बीक, रूलोफ वान डर मेर्व, आर्यन दत्त और पॉल वान मीकरन।

# वर्ल्ड कप: ग्लेन मैक्सवेल बने सिक्सर किंग; जम्पा के नाम भी 20 विकेट

**लाहौर, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में अफगानिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। टीम के 8 मैचों में 6 जीत से 12 पॉइंट्स हैं। जबकि अफगानिस्तान 8 मैचों में 4 जीत और 4 हार के बाद 8 पॉइंट्स लेकर छठे नंबर पर है।

टीम को नॉकआउट में क्वालिफाई करने के लिए आखिरी मैच में जीत की जरूरत है। साउथ अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं, उनके नाम 8 मैच में 550 रन हैं। जबकि श्रीलंका के दिलशान मदुशंका टॉप विकेट टेकर हैं, उनके नाम 21 विकेट हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा 20 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर है। ग्लेन मैक्सवेल ने अफगानिस्तान के खिलाफ 10 सिक्स लगाए, उनके नाम कुल 22 छक्के हैं, इसी के साथ वह टूर्नामेंट के सिक्सर किंग बन गए।



### खेल मंत्री ने बोर्ड को बर्खास्त किया था

# श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड की बर्खास्ती का फैसला रद्द

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद सोमवार को खेल मंत्री रोशन रणसिंघे द्वारा बर्खास्त किए गए श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। श्रीलंका की अपील पर अदालत ने देश के क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त करने के खेल मंत्री के फैसले को रद्द कर दिया और पूरी सुनवाई होने तक मंगलवार को फिर बोर्ड मेंबर्स को उनकी जगह दी। कोर्ट ने बोर्ड अध्यक्ष शम्मी सिल्वा की याचिका स्वीकार कर ली। बोर्ड की बहाली दो सप्ताह के लिए है जब अदालत मामले की दोबारा सुनवाई करेगी। वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद श्रीलंका के खेल मंत्रालय ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त कर दिया था। श्रीलंका क्रिकेट के लिए एक अंतरिम बोर्ड का गठन भी किया था। खेल मंत्री रोशन रणसिंघे के कार्यालय ने एक बयान में कहा था कि, देश के 1996 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा को नए अंतरिम बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्रीलंका को वर्ल्ड कप में पहली बार बांग्लादेश के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका को वर्ल्ड कप में पहली बार बांग्लादेश के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश ने श्रीलंका को रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हराया। बोर्ड पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगे थे। इससे पहले, भारत से मिली हार के बाद खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने शुक्रवार के अपने एक बयान में श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को देशद्रोही और भ्रष्ट कहा था।



**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# अनुष्का योग इंस्ट्रक्टर से बनीं हीरोइन

साउथ एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी राजामौली की फिल्म बाहुबली में देवसेना का रोल निभाकर पॉपुलर हुई थीं। उन्होंने अपने 18 साल लंबे करियर में तकरीबन 45 फिल्मों में काम किया है लेकिन एक वक्त ऐसा भी था कि जब उन्हें एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं थी। वो योग सिखाती थीं और फिल्मी दुनिया से उनका दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं था। अनुष्का एक्टिंग की दुनिया में आईं और उनकी किस्मत बदल गई। आज अनुष्का का नाम टॉप की साउथ एक्ट्रेसेस में लिया जाता है। वो अपनी लग्जरी लाइफ और प्रभास के साथ अपनी क्लोजनेस की वजह से भी चर्चा में रहती हैं। अनुष्का का रियल नेम स्वीटी शेट्टी है। उनका जन्म 7 नवंबर, 1981 को मैंगलुरु, कर्नाटक में हुआ था। उनके पेरेंट्स का नाम ए.एन विट्ठल शेट्टी और प्रफुल्ला हैं। उन्होंने योग गुरु भरत ठाकुर से योग सीखा और फिर खुद योग इंस्ट्रक्टर बन गईं। एक दिन योग क्लास में साउथ फिल्म डायरेक्टर मेहर रमेश की उनपर नजर पड़ी। उन्होंने अनुष्का को हीरोइन बनने का ऑफर दिया।




### फिल्म इंडस्ट्री छोड़ना चाहती थीं

अनुष्का ने एक इंटरव्यू में बताया था, साल 2005 में जब मैं अपनी डेब्यू फिल्म 'सुपर' की शूटिंग कर रही थी तब मैं सेट से भाग जाना चाहती थी। जब मैं इंडस्ट्री में आई तो बिल्कुल क्लू लैस थी। इसे समझने में मुझे करीबन दो साल का वक्त लगा। मेरे आसपास के लोग काफी सपोर्टिव थे पर मैं खुद को कमजोर समझकर बेहतर बनाने की कोशिश करती रहती। मेरा मानना है कि कोई भी प्रोफेशन आपको लाइफ के बारे में फिल्म इंडस्ट्री से बेहतर नहीं सिखा सकता।' उनकी पहली फिल्म 2005 में आई 'सुपर' को पुरी जगन्नाथ ने डायरेक्ट किया था।

# तारा सुतारिया ने ब्रेकअप की खबरों को किया कंफर्म

तारा सुतारिया ने ब्रेकअप की खबरें को कंफर्म कर दिया है। उन्होंने कहा है कि वो किसी के साथ रिलेशनशिप में नहीं हैं। उनके इस बयान से ये संकेत मिल गया है कि आदर जैन के साथ उनका रिश्ता खत्म हो चुका है। एक इंटरव्यू में तारा ने बताया कि आदर के साथ उनका रिश्ता खत्म हो गया है। इसी के साथ अपने रिलेशनशिप पर अपडेट देते हुए उन्होंने बताया कि वो अभी सिंगल हैं।
दोनों की ब्रेकअप की खबर का खुलासा कुछ समय पहले ही हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक तारा सुतारिया और आदर जैन का ब्रेकअप हो चुका है। ब्रेकअप के बाद भी कपल अच्छे दोस्त की तरह रहेगा। इससे पहले दोनों ने अपने रिश्ते को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की थी। हालांकि एक बार तारा ने आदर के बर्थडे पर साथ की एक फोटो शेयर की थी। फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा था- कभी तेरा कभी मेरा कभी हमारा! हैप्पी बर्थडे टू माय फेवरेट पर्सन।



# जल्द रिलीज होगी कमल हसन की इंडियन-2

इंडियन सिनेमा के इतिहास के सबसे बेहतरीन एक्टर में से एक कमल हासन फिल्म इंडियन 2 में बतौर लीड एक्टर नजर आने वाले हैं। ये उन्हीं की ऑस्कर में नॉमिनेट हुई फिल्म इंडियन (1996) का सीक्वल है। इस फिल्म ने 3 नेशनल अवॉर्ड जीते थे। कमल हासन भारत में सबसे ज्यादा एक्सपेरिमेंट करने वाले अपनी तरह के इकलौते एक्टर हैं। चाहे वो 4 मिनट की रिवर्स लिपसिंकिंग हो, या प्रोस्थेटिक मेकअप। महज 6 साल की उम्र से एक्टिंग में अपनी छाप छोड़ रहे कमल की 7 फिल्में ऑस्कर भेजी जा चुकी हैं, जो अपने आप में भारतीय सिनेमा का एक बड़ा रिकॉर्ड है। साउथ और हिंदी फिल्मों के लिए कमल को 19 बार बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, जिसके बाद उन्होंने खुद अपना नाम इन अवॉर्ड से अलग कर लिया, जिससे दूसरे कलाकारों को भी ये अवॉर्ड मिल सके। 60 सालों के एक्टिंग करियर में ऐसे ही कमल हासन ने न जाने कितने रिकॉर्ड बनाए, जिन्हें आज भी कोई तोड़ नहीं सका।



### रिकॉर्ड के बाद कर दिया था आगे अवॉर्ड लेने से इनकार

साल 2000 में जब 19वीं बार कमल हासन को तमिल फिल्म हे राम के लिए बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला तो उन्होंने फिल्मफेयर ऑर्गेनाइजेशन को एक लेटर लिखा कि आगे उनका नाम किसी भी कैटेगरी में नॉमिनेट न किया जाए, जिससे नए और यंग सितारों को ये अवॉर्ड दिया जा सके। इसके बावजूद उन्हें नॉमिनेट किया जाता है। स्टंट के मामले में कमल हासन जैकी चैन को कड़ी टक्कर देते हैं। वो अपनी फिल्मों में स्टंट करने के लिए बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की बजाय खुद स्टंट करते हैं। अब तक स्टंट करते हुए उनकी 34 हड्डियां टूटी हैं। जबकि स्टंट के लिए मशहूर जैकी चैन की अब तक स्टंट करते हुए 20 हड्डियां टूटी हैं। बता दें साल 1997 में इंग्लैंड की क्वीन एलिजाबेथ तीसरी बार भारत आई थीं। उन्हें कमल हासन की फिल्म मरुध्यानागम के लॉन्च इवेंट में बतौर चीफ गेस्ट बुलाया गया था। क्वीन फिल्म के सेट पर पहुंचीं और उन्होंने फिल्म मरुध्यानागम की लॉन्चिंग की। उन्होंने कमल की फिल्म के सेट पर करीब 20 मिनट बिताए थे। इस फिल्म को ब्रिटिश कंपनी को-प्रोड्यूस कर रही थी, हालांकि कंपनी के बैकआउट करने से ये फिल्म कभी बन ही नहीं सकी।



# फेस्टिव सीजन में वाहनों पर डिस्काउंट की भरमार

**मेट्रो बाजार**

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश में फेस्टिव सीजन पीक पर है। इसमें व्हीकल, ज्वेलरी और अन्य चीजों की खरीदारी शुभ मानी जाती है। इस कारण ऑटो कंपनियां भी अपनी सेल्स बढ़ाने के लिए कई फेस्टिव ऑफर देती हैं। कार कंपनियों को इस त्योहारी सीजन में पूरे साल की 25 फीसदी बिक्री होने की उम्मीद है। पहली बार उन्होंने 10 लाख से ज्यादा गाड़ियों को बेचने का लक्ष्य रखा है। पिछले त्योहारी सीजन में कंपनियों ने 9.4 लाख गाड़ियां बेची थी। इस सीजन में आम तौर पर, हाई-एंड गाड़ियों और कम बिकने वाले मॉडल्स पर ज्यादा छूट मिलती है। पॉपुलर मॉडल्स पर कम छूट मिलती है। कार कंपनियां विभिन्न मॉडलों पर करीब 25,000 रुपए से 1 लाख रुपए की छूट दे रही हैं। ये छूट 2022 के फेस्टिव सीजन से ज्यादा है। कार मॉडल और डीलरशिप लोकेशन के आधार पर, 2022 से 2023 तक छूट में औसत वृद्धि 40-50 फीसदी है। कुछ मॉडलों पर छूट 75 फीसदी तक बढ़ गई है। इसी तरह टू व्हीलर कंपनियां भी डिस्काउंट दे रही है।
पेट्रोल गाड़ी का माइलेज और इलेक्ट्रिक व्हीकल में रेंज गाड़ी खरीदने के लिए सबसे जरूरी पॉइंट हैं। वहीं गाड़ी की टेस्ट राइड भी लें, इससे पता चल जाएगा कि गाड़ी चलाने में कितनी कंफर्टेबल और पावरफुल है। इसके अलावा गाड़ी के सेफ्टी फीचर्स भी जरूर जान लेना चाहिए। जब भी आप डीलरशिप पर जाते हैं तो कार खरीदने में बहुत ज्यादा उत्सुकता न दिखाएं। बहुत ही नॉर्मल रहें ओर सेल्स पर्सन से बेहतर प्राइस लेने की कोशिश करें। ज्यादा इंट्रेस्ट दिखाने पर सेल्स पर्सन ज्यादा कीमत वसूलने की कोशिश कर सकता है। ज्यादा इंट्रेस्ट नहीं दिखाएंगे, तो चांसेस हैं कि वह ज्यादा डिस्काउंट ऑफर कर दे।



# धनतेरस से पहले सोने-चांदी की कीमत घटी

**मुंबई,एजेंसी।** सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने के दाम 281 रुपए गिरकर 60,772 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गए हैं। वहीं 18 कैरेट सोने की कीमत 45,579 रुपए रह गई है। इस महीने 10 तारीख को धन तेरस है। इस दिन सोने में निवेश शुभ माना जाता है। इसके अलावा चांदी के दाम में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है। ये 751 रुपए फिसलकर 71,286 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले ये 72,037 रुपए पर थी।

**अक्टूबर में 3,600 रुपए से ज्यादा मंहगा हुआ सोना**

अक्टूबर महीने में सोना-चांदी के दामों में शानदार तेजी देखने को मिली। बीते महीने सोने के दाम में 3,651 रुपए की तेजी देखने को मिली थी। अक्टूबर की शुरुआत यानी 1 अक्टूबर को ये 57,719 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था जो 31 अक्टूबर को 61,370 रुपए पर पहुंच गया था। वहीं चांदी 71,603 रुपए प्रति किलोग्राम से 72,165 रुपए पर आ गई है।



अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजार में भी सोने-चांदी की कीमतों में तेजी जारी रहने के आसार हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बॉन्ड यील्ड घट रही है और डॉलर कमजोर हो रहा है। इससे गोल्ड को सपोर्ट जारी रहेगी।

# राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में बढ़ी चोरी की वारदात

**3 महिलाओं के हैंडबैग चोरी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रेलवे स्टेशन और चलती ट्रेनों में लगातार की जा रही चैकिंग के बावजूद सामान चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले चौबीस घंटे में सफर के दौरान तीन महिलाओं के हैंडबैग चोरी हो गए, जिसके अंदर हजारों रुपये के जेवरात, मोबाइल फोन और अन्य सामान रखा हुआ था। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।



जीआरपी के मुताबिक नीलगंगा उज्जैन निवासी शिरीष दीक्षित पिछले दिनों महाकाल एक्सप्रेस में बनारस से उज्जैन के लिए यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी रश्मी दीक्षित बर्थ पर अपना हैंडबैग रखकर सो गई थी। इस दौरान संत हिरदाराम नगर स्टेशन से ट्रेन चलने के बाद उन्होंने चाय खरीदी और जब पैसे देने के लिए बैग उठाने का प्रयास किया तो वह गायब हो चुका था। बैग के अंदर सोने के 10 मोती, सोने के पैंडल और दस हजार रुपये नकदी समेत करीब 50 हजार का सामान रखा हुआ था। इधर मैहर निवासी मोहम्मद आरिफ अपनी पत्नी सुल्तानाब् बेगम के साथ रीवांचल एक्सप्रेस में भोपाल के लिए यात्रा कर रहे थे। वह अपने बच्चे का इलाज कराने के लिए भोपाल आए थे। रास्ते में उनकी पत्नी का हैंडबैग किसी ने चोरी कर लिया। बैग के अंदर दो मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, करीब दो हजार रुपये नकदी समेत अन्य सामान रखा हुआ था। जब उन्होंने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर उतरकर देखा तो बैग गायब हो चुका था। इसी प्रकार सोमनाथ सोमनाथ एक्सप्रेस में भोपाल के लिए सफर कर रही राजश्री पांडे का एक पर्स चोरी हो गया। चोरी गए पर्स के अंदर उनका और परिवार के आधार कार्ड, आईडी कार्ड, आठ सौ रुपये नकदी क्रेडिट कार्ड समेत अन्य सामान रखा हुआ था। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

ट्रेन में सफर के दौरान एक युवती का लैपटाप और दो युवकों के कीमती मोबाइल फोन चोरी हो गए। पुलिस ने तीनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है। हालांकि एक भी वारदात के आरोपियों का सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक भोपाल निवासी भूमि यादव सोमवार को इंटरसिटी एक्सप्रेस में इंदौर से भोपाल के लिए सफर कर ही थी। इस दौरान उन्होंने अपना लैपटाप वाला बैग सामान रखने वाली रैक पर रख दिया था। सीहोर स्टेशन तक उनका बैग सही-सलामत रखा हुआ था। सीहोर से ट्रेन चलने के बाद नजर पड़ी तो लैपटाप वाला बैग गायब हो चुका था। भूमि ने आसपास बैठे लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि सीहोर स्टेशन पर लाल कलर की टीशर्ट पहने एक लंबा लड़का उसी बैग के आसपास घूम रहा था। अनुमान है कि ट्रेन चलते समय उसी युवक ने लैपटाप वाला बैग चोरी किया होगा। इसके बाद उन्होंने जीआरपी पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर होशंगाबाद निवासी भावेश राजपूत ने बताया कि वह अमरकंटक एक्सप्रेस की जनरल कोच में भोपाल से औबेदुल्लागंज का सफर कर रहा था। भोपाल से ट्रेन चलने के पांच मिनट बाद देखा तो उसकी पैंट की जेब में रखा मोबाइल फोन गायब था। ट्रेन में बैठते समय कुछ लड़के उनके पास खड़े थे, जो ट्रेन चलने के कुछ ही देर बाद उतर गए थे। चोरी गए मोबाइल की कीमत 14 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार भोपाल निवासी लालबहादुर सिंह रविवार को अपने एक रिश्तेदार को गरीबरथ ट्रेन में बिठाने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। वह रिश्तेदार को कोच के भीतर तक छोड़ने पहुंचे, तभी किसी ने कुर्ते की जेब में रखा उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## एक्सीडेंट में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया इलाके में एक्सीडेंट में घायल हुए एक किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक इशाक खान (50) ग्राम अर्जुनखेड़ी थाना बैरसिया में रहते थे और खेती किसानी करते थे। सोमवार को वह अपने खेत से घर लौट रहे थे। गांव के पास अज्ञात कार ने उनकी मोटर सायकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इशाक को इलाज के लिए लांबाखेड़ा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।

### पुरानी रंजिश पर दो बदमाशों ने किया हमला

# बर्तन व्यापारी पर चाकू से जानलेवा हमला, हमीदिया अस्पताल में भर्ती, हालत नाजुक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**राजधानी में बदमाशों की धरपकड़ के लिए चलाई जा रही कांबिंग गश्त में अब तक पुलिस छह हजार से अधिक आपराधिक प्रवृत्तियों के गुंडे बदमाशों की धरपकड़ कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। बावजूद इसके राजधानी में चाकूबाजी की घटनाएं कम नहीं हो रही है। राजधानी के ऐशबाग और अशोका गार्डन इलाके में लगातार दो रातें चाकूबाजी में गुजरी। इस चाकूबाजी में दो बर्तन व्यापारी और स्वीगी के डिलेवरी ब्वाय को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने दोनों ही प्रकरणों में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

ऐशबाग पुलिस ने बताया कि नीलेश राय पिता राधेश्याम राय (39) हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ऐशबाग में रहता है और फेरी लगाकर बर्तन बेचता है। इसी इलाके में सलमान और नफीस रहते हैं। नीलेश ने पुलिस को बताया कि आरोपियों से उनका पुराना विवाद है। मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे नीलेश अपने काम से लौट रहा?था, तभी माली मार्केट में शराब दुकान से कुछ दूरी पर आरोपियों ने नीलेश को रोक लिया और गालीगलौज करने लगे। नीलेश ने उन्हें गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए नीलेश पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू नीलेश को कमर से ऊपर दो जगह लगे हैं। उसे गंभीर चोट होने के कारण हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची ऐशबाग पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



### हाल ही में छूटकर आया नीरज

पुलिस की पड़ताल में यह बात सामने आई कि नीरज शर्मा हत्या के प्रयास के मामले मे जेल में बंद था। कल्लू बच्चा पर पूर्व में 324 के दो अपराध दर्ज है। पुलिस का कहना है कि विवाद की सही वजह नीरज नहीं बता रहा है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। आरोपी गिरफ्तारी के बाद हमले की सही वजह साफ हो सकेगी।

### सिर में गुप्ती से हमला, नस कटी

इधर अशोका गार्डन पुलिस ने बताया कि नीरज शर्मा पिता राजनाथ शर्मा (28) नवाज कालोनी अशोका गार्डन में रहता है। नीरज स्वीगी में डिलेवरी ब्वाय है। इसी इलाके में रहने वाला कल्लू बच्चा उर्फ राजेन्द्र विश्वकर्मा थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल है। नीरज को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उसके सिर मे गंभीर चोट थी। विवाद की जानकारी पुलिस को लगी और पुलिस की टीम नवाब कॉलोनी पहुंची थी। घटनास्थल के आसपास लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी घटना की कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और नीरज शर्मा के बयान दर्ज किए गए। इस दौरान नीरज ने बताया कि सोमवार रात वह खाना खाने के बाद मोहल्ले में टहल रहा था। इसी बीच वहां कल्लू बच्चा पहुंचा और कहने लगा कि तूने मेरे परिचित से बदतमीजी क्यों की। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर कल्लू बच्चा ने गुप्ती से उसके सिर पर हमला कर दिया। सिर में गुप्ती लगने से उसके सिर की नस कट गई।

## पुलिस दे रही दबिश, गैंगवार के आरोपियों की तलाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गैंगवार में एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों की तलाश में पुलिस कई जगह दबिश दे रही है। पुलिस टीम ने फरार चल रहे पप्पू चटका के ठिकानों पर भी दबिश दी। शाहरूख उर्फ डेविल के परिजनों से भी पूछताछ की जा चुकी है। पप्पू चटका के चंबल में रहने वाले रिश्तेदारों को पुलिस ने पूछताछ की। पुलिस ने आरोपियों पर 35 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया है। इसके अलावा फरार आरोपी पप्पू चटका को जिला बदर भी किया गया है। बदमाश मोहम्मद शाहिद करोंद मंडी में काम करता है। उसे हत्या के प्रयास के मामले में 5 साल की सजा हुई थी। 2 महीने पहले शाहिद जेल से रिहा हुआ था। उसे जुबैर गैंग का सदस्य माना जाता है। चार दिन पहले शनिवार रात करीब 11 बजे शाहिद अपने 8 साथियों के साथ चार बाइक से रोशनपुरा स्थित पीतल मंदिर के नजदीक पहुंचा। यहां विक्की उर्फ वाहिद, पप्पू चटका और शाहरुख पहले से मौजूद थे। दोनों पक्षों में बहस शुरू हुई। इस बीच शाहिद के गुर्गों को भगाने पप्पू चटका ने फायरिंग कर दी। फायर होते ही शाहिद के 5 साथी भाग खड़े हुए। लेकिन, शाहिद और उसके एक साथी को दबोच लिया गया। फिर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया। हाथ-पैर की नसें समेत शरीर पर 27 वार चाकू मारे गए। विक्की वाहिद ने दोनों को कार से कुचलने की कोशिश भी की थी। वहीं क्राइम ब्रांच को वाहिद के राजस्थान में छिपे होने की जानकारी मिली है। जबकि शाहरुख और पप्पू एक साथ फरार हुए हैं। पुलिस ने एक गिरोह के 3 बदमाश और उसके साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि पप्पू चटका के अवैध निर्माण पर प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाने की तैयारी की जा रही है।

## युवती का अपहरण कर किया दुष्कर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एक युवती के लापता होने पर परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। युवती ने बयान में बताया कि शैलेंद्र ने उसे देवास के एक मकान में रोककर रखा था। उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस आधार पर पुलिस ने शैलेंद्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार देहात इलाके में रहने वाली एक युवती की शिकायत पर उसके दोस्त के खिलाफ अपहरण कर देवास में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का केस दर्ज किया है। 21 वर्षीय युवती बीएससी की पढ़ाई कर चुकी है। पढ़ने के दौरान युवती का उसके गांव में रहने वाले युवक शैलेंद्र दुबे से परिचय हो गया था। युवती ने शिकायत में पुलिस को बताया कि छह जुलाई को शैलेंद्र उसे घुमाने के बहाने से देवास ले गया था। वहां उसे एक मकान में रखने के बाद उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।



**मेट्रो एंकर** | **किराना व्यापारी के बेटे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या**

# सुसाइड नोट में लिखा- जिंदगी से हो गया हूं परेशान, आत्महत्या का मैं खुद जिम्मेदार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित रिसालदार कॉलोनी में मंगलवार शाम किराना व्यापारी के बेटे ने तीसरी मंजिल पर बने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि मैं जिंगदी से परेशान हो गया हूं और मेरी आत्महत्या का मैं स्वयं जिम्मेदार हूं। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा गया।**



एसआई भगवती प्रसाद मिश्रा ने बताया कि शोभाराम साहू रिसालदार कॉलोनी गौतम नगर में रहते हैं और किराना व्यापारी है। उनका मुख्य सड़क पर तीन मंजिला मकान है। मकान में ग्राउंड फ्लोर पर किराना दुकान का संचालन करते हैं। उनके दो बेटे थे। छोटा बेटा आयूष और बड़ा बेटा 21 साल का आदित्य साहू था। आदित्य बारहवीं तक पढ़ा था। पढ़ाई उसने छोड़ दी थी और घर में ही रहता था। उसे किराना दुकान पर बैठने का कहते थे तो वह दुकान पर भी नहीं बैठता था। उसे मोबाइल पर पब्जी गैम खेलने का शौक था और ऊपर वाले कमरे में बैठकर दिनभर पब्जी खेलता रहता था। मंगलवार दोपहर भी वह ऊपर वाले कमरे में था और गैम खेल रहा था। शाम तक वह नीचे नहीं आया तो उसके मोबाइल पर कॉल किया गया। उसने कॉल रीसिव नहीं किया तो पिता ऊपर वाले कमरे में पहुंचे थे। इस दौरान कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पिता ने आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। वे खिड़की के पास पहुंचे और अंदर देखा तो आदित्य छत पर लगी एंगल में दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका नजर आया।

### कॉपी में लिखा सुसाइड नोट पलंग पर मिला

शोभाराम ने घटना की जानकारी तत्काल गौतम नगर पुलिस को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा तोड़ा और आदित्य का शव पीएम के लिए भेजा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो पलंग पर रखी कॉपी में सुसाइड नोट लिखा मिला। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। सुसाइड नोट में उसने लिखा कि मैंने बारहवीं पास कर ली, लेकिन कुछ नहीं कर सका। मैं अपनी जिंदगी से परेशान हूं और आत्महत्या कर रहा हूं। मेरी मौत का मैं स्वयं जिम्मेदार हूं।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022